




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**आवश्यकता है**

ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 84 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 06 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### आश्वासन के बाद भी संविदा कर्मचारियों की मांग नहीं हुई पूरी, 9 से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**कबीरधाम।** कबीरधाम जिले के पंडरिया स्तिथ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना के संविदा कर्मचारी हड़ताल की राह पर हैं। इसे लेकर यहां के कर्मचारियों ने जिला प्रशासन व कारखाना प्रबंधन को ज्ञापन भी दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि सभी संविदा कर्मचारियों द्वारा ग्रेड वेतन विसंगति सुधार कर वेतनमान संशोधन करने की मांग को लेकर बीते साल 22 सितंबर 2023 को अनिश्चिकालीन हड़ताल की गई थी।

इसके बाद कारखाना प्रबंधन द्वारा लिखित में उक्त मांग को पूरा कर माह सितम्बर-अक्तूबर 2023 से बढ़ा हुआ वेतन दिए जाने का आश्वासन दिया गया था, जिस पर संविदा कर्मचारी समझौता की शर्त पर हड़ताल समाप्त कर वापस काम पर लौट आए थे। लेकिन, अब तक कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं हुई। ऐसे में अब फिर से मांगों को लेकर 9 जनवरी को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इनके हड़ताल में चले जाने से पेराई सत्र 2023-24 संचालन प्रभावित होगी। वर्तमान में इस कारखाना में पेराई जारी है। इन कर्मचारियों की प्रमुख मांग स्टापिंग पैटर्न के ग्रेड विसंगति एवं वेतनमान सुधारकर वेतन वृद्धि करने व वेतन वृद्धि कर सितम्बर 2023 से नवम्बर 2023 का एरियस दिए जाने की है।

### अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टर्स ने 4 साल की मासूम को पेसमेकर लगाकर दी नई जिंदगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के इंस्टीट्यूट में कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर्स ने कमाल कर दिया। 4 साल के मासूम के हृदय में पेसमेकर लगाकर नई जिंदगी दी है। बच्चे के जन्म से ही हृदय में ब्लॉकेज था, जिसके कारण उसके पल्स (नाड़ी) की गति 40 से 50 बीट प्रति मिनट पर आ गया था।

डॉक्टर्स ने बताया कि बच्चे को जन्मजात हार्ट ब्लॉक की समस्या थी। खेलकूद के दौरान हांफ्ने लगता था। बच्चे को बार-बार सर्दी-खांसी होती थी। शिशु रोग विशेषज्ञ को दिखने पर पता चला कि हार्ट में ब्लॉकेज है। इसके बाद बच्चे को एसीआई लाया गया जहां बच्चे की समस्या को देखते हुए पेसमेकर लगाने का निर्णय लिया गया।

कैथलैब में फ्लूरोस्कोपी की सहायता से लेफ्ट सबक्लेवियन वेन को पंक्चर करके राइट वेंट्रिकल एपेक्स में पेसमेकर लीड डाला गया। बच्चा छोटा था इसलिए सुई को बड़े ध्यान से डाला गया। सुई और तार की साइज बड़ी रहती है इसलिए हार्ट को नुकसान होने की संभावना रहती है। पेसमेकर के तार को एक्स्ट्रा लूप डालकर छोड़ा जाता है क्योंकि बच्चे की उम्र जैसे-जैसे बढ़ेगी हार्ट की साइज भी बढ़ेगी। बच्चे की ऊंचाई भी बढ़ेगी इसलिए तार में खिंचाव आएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए तार में एक्स्ट्रा लूप डालकर छोड़ा गया।

# लुटेरों के चंगुल से बचे भारतीयों के चेहरे खिले,भारत माता की जय' से गूंजा समुद्र

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय नौसेना ने बहादूरी की एक ओर मिशाल पेश की है। उसने अपनी सूझबूझ से शुक्रवार को उत्तरी अरब सागर में हाईजैक हुए मालवाहक जहाज 'एमवी लीला नॉरफॉक' में समुद्री लुटेरों के चंगुल में फंसे सभी 21 लोगों को बचा लिया, जिनमें 15 भारतीय भी शामिल हैं। इस घटना के बाद हर कोई भारतीय नौसेना की तारीफ कर रहा है। इन सबके बीच एक नौसेना ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें बचाए गए लोगों की खुशी साफ देखी जा सकती है। लोग भारत माता की जय के नारे लगाते और भारतीय नौसेना के जवानों को धन्यवाद देते नजर आए।



भारतीय नौसेना द्वारा साझा किए वीडियो में एक भारतीय कहता दिख रहा है कि उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। वहीं, एक अन्य ने कहा कि 24 घंटे से डर में थे। हम सब भारत की नौसेना पर गर्व महसूस करते हैं। फिर क्या था सब लोग एक सुर में 'भारत माता की जय' के नारे लगाने लगे।

नौसेना के मार्कोस कमांडो ने बताया था कि सूचना मिली थी कि जहाज पर हथियार से लैस पांच से छह लोग सवार हैं, जिनके बारे में कुछ जानकारी नहीं है। इस पर जहाज का पता लगाने के लिए तुरंत एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान पी-8 आई और लंबी दूरी के 'प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन' को तैनात किया गया। आईएनएस चेन्नई ने शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 3:15 बजे अरब सागर में सोमालिया के तट के पास अगवा पोत को घेर लिया था।

### जहाज घेरने के बाद लुटेरों को दी थी चेतावनी


कमांडो ने बताया कि जवानों ने जहाज को चारों ओर से घेर समुद्री लुटेरों को जहाज को छोड़ने की चेतावनी दी। उसके बाद भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो अगवा पोत पर उतरे और उसकी तलाशी ली तो कोई लुटेरा वहां मौजूद नहीं था। ऐसे में लग रहा कि जब उन्होंने बड़ी संख्या में जवानों को देखा तो वो डर की वजह से वहां से भाग गए। फिलहाल, भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई कार्गो शिप एमवी लीला नॉरफॉक के पास मौजूद है। जहाज में बिजली उत्पादन और नेविगेशन सिस्टम को बहाल करके उसे अगले बंदरगाह तक यात्रा शुरू करने में मदद की जा रही है।

### हर कोई कर रहा तारीफ

जहाज के मालिक लीला ग्लोबल के मुख्य कार्यकारी स्टीव कुंजर ने भारतीय नौसेना को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह जहाज पर मौजूद चालक दल की तारीफ करना च ाहते हैं कि उन्होंने कठिन हालातों में होश न खोकर जिम्मेदारी से काम लिया। गौरतलब है, अपहरण का प्रयास ऐसे समय में किया गया है जब इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हूती उग्रवादियों द्वारा हमले तेज किए जाने को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

### भारत एक और इतिहास रचने के करीब

## सूर्य को आज 'हेलो' बोलेगा आदित्य एल-1, खुलेंगे कई महत्वपूर्ण रहस्य



**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** चांद पर उतरने के बाद भारत एक और इतिहास रचने के बेहद करीब है। सूर्य मिशन पर निकला भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का आदित्य एल-1 शनिवार शाम चार बजे अपनी मंजिल लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) पर पहुंचने के साथ अंतिम कक्षा में स्थापित हो जाएगा। यहां आदित्य 2 वर्ष तक सूर्य का अध्ययन करेगा और महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाएगा। भारत के इस पहले सूर्य अध्ययन अभियान को इसरो ने 2 सितंबर को लॉन्च किया था।

एल-1 प्वाइंट के आसपास के क्षेत्र को हेलो ऑर्बिट के रूप में जाना जाता है, जो सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के बीच मौजूद पांच स्थानों में से एक है, जहां दोनों पिंडों का गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के बीच साम्यता है। मोटे तौर पर ये वे स्थान हैं, जहां दोनों पिंडों की गुरुत्व शक्ति एक दूसरे के प्रति संतुलन बनाती है। पृथ्वी और सूर्य के बीच इन पांच स्थानों पर स्थिरता मिलती है, जिससे यहां मौजूद वस्तु सूर्य या पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में नहीं फंसती है।

एल-1 बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का केवल 1 फीसदी है। दोनों पिंडों की कुल दूरी 14.96 करोड़ किलोमीटर है। इसरो के एक वैज्ञानिक के अनुसार हेलो ऑर्बिट सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के घूमने के साथ-साथ घूमेगा।

# धुआंधार पारी के लिए छत्तीसगढ़ को कैसे तैयार करेंगे सचिन

**प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार 11 को आ रहे रायपुर**

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**रायपुर।** अगले सप्ताह जब सचिन पायलट छत्तीसगढ़ के नए प्रभारी के रूप में पहली बार रायपुर आएंगे तो उनके सामने हतोत्साहित नेता और कार्यकर्ता होंगे। ऐसे में पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले धुआंधार पारी के लिए तैयार करना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। सचिन पायलट 11 जनवरी को रायपुर आ रहे हैं।



विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ की कमान राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को सौंप दी गई है। छत्तीसगढ़ के नए प्रभारी बनने के बाद पहली बार सचिन पायलट प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। पायलट 11 जनवरी को रायपुर आने वाले हैं। विधानसभा में हर के बाद अब लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं, नेताओं को कैसे एकजुट करना है इन चुनौती के साथ पायलट छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। लोकसभा चुनाव और छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के विषय में बैठक कर चर्चा की जाएगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस पार्टी की अप्रत्याशित हार के बाद प्रदेश में कांग्रेस के तमाम नेता और कार्यकर्ता इधर-उधर हो गए है। यानी यह भी कहा जा सकता है कि निष्क्रिय हो गए हैं। सत्ता जाने के कारण बहुत से नेता लोगों के बीच जाना भी बंद कर दिए है। वही पार्टी ने प्रदेश की हार के बाद छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा को पद से हटाकर राजस्थान के युवा नेता सचिन पायटल को प्रदेश की जिम्मेदारी सौप दी है। अब प्रभारी बनने के बाद हार के गम में डूबी कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के लिए गर्म जोशी से तैयार करने की चुनौती का सामना करने सचिन 11 जनवरी को छत्तीसगढ़ पहुंच रहे है।

उल्लेखनीय कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। विधानसभा चुनाव में भाजपा जहां हारी वहां से बैठक कर सभी 11 सीटें जीतने का दावा कर रही है। पहली प्रदेश स्तर की बैठक कर भाजपा इसे भी गोपनीय रख रही है। वही लोकसभा के मद्देनजर अब तक कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं तो क्या, नेताओं के साथ चुनावी चर्चा नही कर सकी है। कांग्रेस की चर्चा चुनावी हार पर हुई, जिसमें भी प्रदेश के नेता एक दूसरे पर आरोप गढ़ते दिखाई दिए। ऐसे में नए प्रभारी बनकर छत्तीसगढ़ पहुंचने वाले पायलट के कंधो पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'देश का बेटा' घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज

**नईदिल्ली।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस को 'देश का बेटा' घोषित करने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। शुक्रवार को याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि 'नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बारे में कौन नहीं जानता? इस देश में सभी लोग उन्हें और उनके योगदान के बारे में जानते हैं। उनकी महानता बताने के लिए कोर्ट के आदेश की जरूरत नहीं है। उनके जैसे नेता अमर हैं।' पीठ ने कहा वो महान लोग हैं और पूरा देश उनका सम्मान करता है। उनके जैसे नेता को कोर्ट से किसी पहचान की जरूरत नहीं है।उसे सुनने के बाद याचिका कर्ता को भी मानना पड़ा कि यह मांग सही नहीं है।



दरअसल कटक निवासी पिनाक पानी मोहंती ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट इस बात की घोषणा करे कि देश को नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नेतृत्व वाली आजाद हिंद फौज ने दिलाई। याचिका में कांग्रेस पर आरोप लगाया गया कि कांग्रेस ने नेताजी के गायब या मृत्यु से संबंधित फाइलों को गोपनीय रखा। याचिका में ये भी मांग की गई कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जन्मदिन 23 जनवरी को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया जाए और नेताजी को 'देश का बेटा' भी घोषित किया जाए।







## संपादकीय

# ईडी पर राजनीति

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को लेकर दो खबरें शुक्रवार को चर्चा में थीं। देश के दो अलग-अलग हिस्सों से आने वाली ये खबरें बताती हैं कि आर्थिक अपराध को रोकने के लिए बनी यह संस्था किस तरह से राजनीतिक विवादों में फंस रही है। पहली खबर तमिलनाडु की है, जहां ईडी ने दो गरीब किसानों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज करा दिया और उनके खिलाफ सम्मन भी जारी कर दिया। वह भी उस मामले में, जिसमें अदालत का फैसला दोनों भाइयों के पक्ष में आ चुका था। हालांकि, यह बात छह महीने पुरानी है, लेकिन अब जब कुछ लोगों ने इस मामले को सोशल मीडिया पर शेयर किया, तो हंगामा हो गया। ईडी ने अब अपनी गलती स्वीकार कर यह मामला वापस ले लिया है। इस बीच यह भी कहा गया कि ईडी ने राजनीतिक कारणों से दोनों भाइयों को फंसाया था। पुलिस द्वारा ऐसी ज्यादतियों के किस्से कभी-कभार सुनने को मिलते रहते हैं, मगर किसी विशिष्ट काम के लिए बनाई गई संस्था को लेकर ऐसी बात सामने आती है, तो निश्चित तौर पर संस्था के काम-काज का तरीका बदलने की जरूरत है। राजनीतिक कारणों से कार्रवाई करने के आरोप ईडी के लिए नए नहीं हैं, बल्कि आजकल तो जैसे ही वह किसी मामले की जांच शुरू करती है, तुरंत ही आरोप लगने शुरू हो जाते हैं कि यह काम राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है। ऐसी संस्था कैसे निष्पक्ष दिखाई दे और उसे लेकर ज्यादा विवाद न हों, इस पर पूरे देश को गंभीरता से कुछ सोचना और करना चाहिए, लेकिन इसे लेकर पश्चिम बंगाल में जो हुआ, वह उसका तरीका नहीं है, वह आपत्तिजनक और आपराधिक तो खैर है ही। ईडी की टीम राज्य के संदेशखली नामक स्थान पर राशन घोटाले की जांच के क्रम में छापा मारने पहुंची, तो भीड़ ने पहले उसके अधिकारियों का घेराव किया और फिर उन पर हमला किया गया। जिस गाड़ी में वे जा रहे थे, उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमलावर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख सजहान के समर्थक बताए जा रहे हैं। ईडी की टीम उन्हीं के घर पर छापा मारने जा रही थी। पश्चिम बंगाल के लिए यह नई बात नहीं है, वहां ऐसे मामलों में भी राजनीति सड़कों पर की जाती है, जो अक्सर हिंसक भी हो जाती है। ईडी को लेकर राजनीति करने के आरोप अनेक जगहों पर लगाए गए हैं, लेकिन बंगाल जैसे दुखद व शर्मनाक दृश्य कहीं और देखने को नहीं मिले हैं। बहुत से मामले ऐसे हो सकते हैं, जिनको लेकर ईडी पर राजनीतिक कारणों से कार्रवाई करने के आरोप लगे हों। अभी कुछ ही महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी ईडी के काम करने के तरीके पर सख्त टिप्पणियां की थीं। सरकारी आंकड़े भी बताते हैं कि ईडी की कामयाबी की दर काफी कम है। पिछली जुलाई में संसद में सरकार ने बताया था कि ईडी ने अभी तक कुल 5,422 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से सिर्फ 23 मामलों में लोगों को सजा मिल पाई है। यानी इस संस्था की कामयाबी की दर आधा फीसदी से भी कम है। जाहिर है, ईडी को ज्यादा प्रभावी और निष्पक्ष दिखने वाला संगठन बनाने के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जो हुआ है, वह नितांत आपत्तिजनक है। देश के सभी राजनीतिक दलों को इस घटना की निंदा करनी चाहिए। ईडी की केवल आलोचना करने से काम नहीं चलेगा। दोतरफा सुधार के लिए काम करना होगा, ताकि ईडी के प्रति विश्वास और सम्मान में बढ़ोतरी हो।

> “ जिस गाड़ी में वे जा रहे थे, उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमलावर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख सजहान के समर्थक बताए जा रहे हैं। ईडी की टीम उन्हीं के घर पर छापा मारने जा रही थी।

## हिंदुत्व से आगे भी भाजपा का दांव

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जो माहौल बना है उसी के असर में अगले लोकसभा चुनाव की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। वैसे लोग जो मंदिर के कार्यक्रम का प्रत्यक्ष विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन इसके राजनीतिक इस्तेमाल और असर से चिंतित हैं वे सोशल मीडिया में इसे लेकर तंज कर रहे हैं। वे लिख रहे हैं कि फॉक्सकॉन की फैक्टरी गुजरात में लगेगी, टाटा-एयरबस की फैक्टरी गुजरात में लगेगी, टेस्ला की भी फैक्टरी गुजरात में लगेगी, बुलेट ट्रेन गुजरात में चलेगी और उत्तर प्रदेश में मंदिर बनेगा! इन कटाक्ष के जरिए यह नैरेटिव बनाने का प्रयास हो रहा है कि समूचे उत्तर भारत में हिंदू आस्था को उभार कर वोट की राजनीति हो रही है, जबकि औद्योगिक विकास और रोजगार की व्यवस्था गुजरात में की जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश और बाकी हिंदी पट्टी के राज्यों के युवाओं को गुजरात जाकर ही नौकरी करनी है क्योंकि नरेंद्र मोदी की सरकार उत्तर भारत में रोजगार के अवसर पैदा करने वाले उद्योग नहीं लगवा रही है। एक स्तर पर यह बात सही है और निश्चित रूप से युवाओं को एक समूह को यह बात अपील भी करती होगी। लेकिन क्या यह बात व्यापक हिंदू समाज को प्रभावित कर पाएगी? यह मुश्किल लगता है क्योंकि मंदिर और आस्था का मामला मोदी और भाजपा के चुनावी दांव का सिर्फ एक पहलू है।

नरेंद्र मोदी ने मंदिर के कार्यक्रम को सिर्फ हिंदू आस्था और मंदिर मुद्दे तक सीमित नहीं रहने दिया है। उन्होंने आस्था के साथ हिंदू गौरव को जोड़ दिया है और उसके साथ आधारभूत ढांचे के विकास, रोजगार की संभावना और शहरों के सौंदर्यीकरण को भी शामिल किया है। इसके साथ साथ विश्वकर्मा योजना के जरिए जातियों को साधने की व्यवस्था की गई है और लाभार्थियों को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 30 दिसंबर के अयोध्या दौरे में अपने चुनावी दांव की एक झलक दिखलाई। उन्होंने करीब 16 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तो रामभक्तों को याद दिलाया कि रामलला साढ़े पांच सौ साल बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। ध्यान रहे प्रधानमंत्री बार बार एक हजार साल की गुलामी की याद दिला रहे हैं और देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी ओर पांच सौ साल बाद रामलला के विराजमान होने की बात भी कह रहे हैं। पांच सौ साल के बाद रामलला के विराजमान होने की बात कहने के साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सिर्फ रामलला को घर नहीं मिला है, बल्कि देश के चार करोड़ लोगों को भी अपना आवास मिला है। इसके बाद वे मुफ्त रसोई गैस की उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी के घर गए और टूटे-फूटे घर में बैठ कर चाय पी। सोचें, यह कितना मजबूत नैरेटिव है? लाभार्थी के इस नैरेटिव ने पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बहुत फायदा पहुंचाया था। उसके बाद से तो कई योजनाएं ऐसी चली हैं, जिनका सीधा लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। पिछले चुनाव के समय ही किसान सम्मान निधि की शुरुआत हुई थी, जो अभी तक चल रही है और कोरोना महामारी के बाद 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज की योजना शुरू हुई थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पांच साल के लिए बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सो, चार करोड़ लोगों को घर, उज्ज्वला योजना के लाभार्थी के घर की चाय और पांच किलो मुफ्त अनाज पा रहे 80 करोड़ लाभार्थियों को हिंदू गौरव से जोड़ कर मोदी ने जो दांव चला है उसकी क्या काट विपक्षी गठबंधन के पास है? बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। वहीं से दो अमृत भारत ट्रेन और छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद उन्होंने अयोध्या हवाईअड्डे का उद्घाटन किया, जिसका नाम महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्याधाम रखा गया है। मोदी विरोधी तकनीकी खामी निकाल कर बता रहे हैं कि हिंदू धर्म में धाम तो चार ही है मोदी सरकार अयोध्या को धाम बना कर गलत कर रही है। लेकिन उनकी नजर इस पर नहीं जा रही है कि इस हवाईअड्डे की मदद से बुनियादी ढांचे के विकास का कैसा मैसेज बना है और महर्षि वाल्मिकी के नाम पर इसके नामकरण से दलित समुदाय की एक बड़ी जाति के अंदर गर्व का कैसा भाव पैदा हुआ है! रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बहाने व्यापक हिंदू समाज को साधने की कोशिशों के साथ साथ हिंदू समाज के अंदर के जातीय विभाजन को भी एड्रेस करने का प्रयास इसके जरिए हुआ है।

> “ लाल सागर क्षेत्र में संघर्ष लंबा खिंचने का दूसरा नकारात्मक परिणाम विश्वभर में मुद्रास्फीति दबाव में नई वृद्धि होगी। इससे न केवल तेल की कीमतें ऊपर उठेंगी वरन एशिया-यूरोप के बीच स्वेज नहर वाले रास्ते से गुरेज करने के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विघ्न पड़ सकता है। हालांकि यूरोप और अमेरिका में पिछले साल भर बेकाबू रही मुद्रास्फीति कुछ थमने लगी थी।

# खतरे में है तेल कीमतों की स्थिरता

सुषमा रामचंद्रन



पिछले साल जो भू-राजनीतिक तनाव बना रहा वह अब नए साल में भी उभर आया है। लाल सागर में यमनी हुती लड़ाकों के व्यापारिक जहाजों पर हमले जारी हैं, भले ही अमेरिकी नौसेना ने उनके कुछ ड्रोन्स मार गिराए हैं। इस इलाके में लड़ाई छिड़ने का जो असर होगा, उसका आघात बृहद वैश्विक अर्थव्यस्वस्था को अवश्यंभावी है। इसका प्रभाव भारत की आर्थिकी की पुनर्स्थापना पर भी रहेगा, जो कि पिछले दो सालों से बाहरी थपेड़ों से किसी तरह खुद को बचाए रखकर, विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

यदि तनाव आगे बढ़ता है और स्वेज नहर से होकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों की आवाजाही में विघ्न जारी रहा तो इससे यूरोप और एशिया के मध्य माल ढुलाई का भाड़ा बढ़ जाएगा। अधिकांश जहाजरानी ने पहले ही केप-ऑफ-होप से होकर, लंबा किंतु महंगा पड़ने वाला रास्ता चुनना शुरू कर दिया है। इससे दो महाद्वीपों के बीच जलीय दूरी में लगभग 6000 नॉटिक्ल माइल्स जुड़ जाते हैं।

यूरोप-एशिया व्यापार का लगभग 42 फीसदी भाग स्वेज नहर से होकर है और एशिया की तरफसे आने पर, इस नहर तक पहुंचने के लिए, लाल सागर से गुजरना लाजिमी है। लाल सागर के प्रवेश मुहाने पर, उन्हें यमन और एरीट्रिया के बीच की बाब-अल-मंदेब खाड़ी से होकर गुजरना पड़ता है। यही वह जलीय क्षेत्र है, जहां पर यमन के अधिकांश भूभाग पर नियंत्रण रखने वाले हूती लड़ाके जहाज़रानी को निशाना बना रहे हैं, किश्तियों से या फिर ड्रोन्स के जरिए। हमास की मदद के इरादे से, हुती हरेक उस जहाज को निशाना बने रहे हैं, जिसका संबंध इस्त्राइल से हो। गौरतलब है कि रूस और चीन से संबंधित जलपोतों को बख्शा जा रहा है। लेकिन भारतीय-ध्वज लगे जहाज या फिर भारत से या भारत तक मालवाहक भी खतरे की जद में हैं, जैसा कि हालिया ड्रोन हमले ने दर्शाया है। अमेरिका ने तमाम देशों को गोलबंद करते हुए ऑपरेशन प्रोसेपैरिटी गार्डियन नामक प्रतिरोधक मोर्चा बनाया, जिसका मकसद स्वेज नहर से होकर जलपरिवहन को सुरक्षा देना था। इससे उत्साहित होकर डेनमार्क की नामी मेयर्स्क नामक जहाजरानी कंपनी ने आवाजाही शुरू कर भी दी, लेकिन नवीनतम हमलों ने इस जलीय मार्ग का इस्तेमाल फिर से बंद करवा दिया है, क्योंकि बहुराष्ट्रीय सुरक्षा बल को धता बताते हुए हुती हमले स्पष्ट रूप से जारी हैं।

यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है तो इसका श्रृंखलाबद्ध प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर होकर रहेगा। पहला और फौरी असर तेल कीमतों पर होगा। वर्तमान में, बेंट क्रूड ऑयल मानक वाले कच्चे तेल का प्रति बैरल मूल्य 70-80 डॉलर है, जो कि पिछले साल सितम्बर में रहे 90 डॉलर से कहीं कम है। सुस्त पड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्था मांग के मद्देनजर, तेल उत्पादक एवं निर्यातक संघ (ओपेक प्लस) द्वारा तेल उत्पादन में कटौती की घोषणा का वैश्विक मांग पर कुछ विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। चीन की आर्थिक पुनर्स्थापना उम्मीद के मुताबिक तेज नहीं रही, जिससे कि विश्व के सबसे बड़े इस तेल आयातक की मांग घटी। जहां एक ओर अमेरिका में मांग होने के चलते कच्चे तेल का भंडारण काफी उच्च है वहीं दूसरी तरफ यूरोजोन में आर्थिक मंदी का दौर जारी है।

इस परिदृश्य के आलोक में, ओपेक प्लस द्वारा 2024 में तेल उत्पादन में दस लाख बैरल प्रतिदिन की अतिरिक्त कटौती वाले निर्णय का बाजार की मांग पर प्रभाव कुछ विशेष नहीं रहा। यह इस तथ्य के बावजूद है कि उत्पादन में पिछली और नई मिलाकर कुल कटौती 22 लाख बैरल प्रतिदिन की हो गयी है। लेकिन लाल सागर में बना संकट लंबा खिंचने पर स्थिति उलट हो जाएगी और तेल कीमतों में काफी उछाल आ सकता है। नतीजतन विकसित मुल्कों तक को काफी असर पड़ेगा, जो कि पहले से रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उच्च ऊर्जा कीमतों का दंश सह रहे हैं।

लाल सागर क्षेत्र में संघर्ष लंबा खिंचने का दूसरा नकारात्मक परिणाम विश्वभर में मुद्रास्फीति दबाव में नई वृद्धि होगी। इससे न केवल तेल की कीमतें ऊपर उठेंगी वरन एशिया-यूरोप के बीच स्वेज नहर वाले रास्ते से गुरेज करने के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विघ्न पड़ सकता है। हालांकि यूरोप और अमेरिका में पिछले साल भर बेकाबू रही मुद्रास्फीति कुछ थमने लगी थी, लेकिन नयी वृद्धि से मुल्कों के केंद्रीय बैंकों को पुन: ब्याज दर ऊंची करने को विवश होना पड़ेगा।

जहां तक भारत की बात है, उद्योग एवं सरकारी प्रवक्ता ने पहले ही चावल निर्यात को खतरा होने की आशंका जताई है। लेकिन यदि लाल सागर संकट बना रहता है तो माल ढुलाई में इजाफे से अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में भी उछाल आएगा। स्वेज नहर वाले छोटे रास्ते की बजाय अफ्रीका की परिक्रमा करके होने वाली आवाजाही से अमेरिका एवं यूरोप की मंडियों में माल पहुंचाना महंगा हो जाएगा। 2023-24 के लिए, पिछले वित्तीय वर्ष के तुलनात्मक कालखंड की तुलना में व्यापारिक निर्यात में पहले ही कमी होना महसूस हो चुका है, जो कि 455 बिलियन डॉलर के साथ रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर रहा। पिछले साल अप्रैल-नवम्बर के बीच, सकल 2022 के तुलनात्मक कालखंड में सकल निर्यात में 6.5 फीसदी की कमी दर्ज हुई। जहां बढ़ती माल ढुलाई से किन्हीं मुल्कों का निर्यात प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले महंगा हो जाएगा वहीं ऊंची होती मुद्रास्फीति के असर से मुख्य बाजार में मांग में कमी बनेगी।

विशेषकर महत्वपूर्ण कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस का आयात महंगा होगा। मौजूदा अनुमान के मुताबिक 2024 में कच्चे तेल की कीमत 70-80 प्रति बैरल रह सकती है। लेकिन लाल सागर में ताबड़तोड़ हमले जारी रहने का प्रभाव संघर्ष क्षेत्र से काफी दूर तक पड़ने का पूरा अंदेशा है। इससे भारत के तेल आयात के खर्च में काफी इजाफा होगा, क्योंकि मांग का कुल 85 प्रतिशत से अधिक का हमें आयात करना पड़ता है। पिछले वित्तीय वर्ष में रियायती दरों पर मिले रूसी तेल की वजह से स्थिति कुछ हद तक काबू में रही।

लिहाजा, लाल सागर बनी स्थिति का असर महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र की वृद्धि दर पर हो सकता है। इससे मौजूदा वित्तीय घाटे में आगे इजाफा होगा, वहीं आपूर्ति श्रृंखला में विघ्न से औद्योगिक उत्पादन भी प्रभावित होगा। हाल-फिलहाल भारत के लिए, बेशक नाजुक क्षेत्र में घरेलू जहाजरानी की रक्षार्थ भारतीय नौसेना की उपस्थिति में बढ़ोतरी की गई है, लेकिन स्थिति केवल देखो और इंतजार करो वाली है।


**( यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

# नेपाल में भारतीय ऊर्जा सहयोग पर ड्रैगन की भृकुटि तनी

पुष्परंजन, वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल की एक पुरानी कहावत है कि आप मेरे यहां आएंगे, तो क्या लेते आएंगे, और यदि हम आपके यहां आएं, तो उपहार में क्या मिलेगा? मतलब, देना दोनों ही स्थितियों में है। इस बार भी नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक में पधारे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से काठमांडू यही अपेक्षा कर रहा था। भारत ने अनुदान देने में नेपाल को निराश नहीं किया। दिल्ली ने दरियादिली दिखाते हुए 3 नवंबर, 2023 को पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट और रूकुम जिलों में भूकंप से तबाह घरों के निर्माण के लिए दस अरब रुपये की मदद देने की घोषणा की है। भुगतान कब होगा यह बड़ा सवाल।

25 अप्रैल, 2015 को मध्य नेपाल के गोरखा में भयानक भूकंप आया था, जिसमें 9,000 लोग मारे गए थे। नेपाली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राय बताते हैं कि तब भारत सरकार ने एक अरब रुपये का अनुदान देने की घोषणा की थी, पर अब तक एक अरब का केवल 25 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। घोषणाओं को जमीन पर उतारने में जिस तरह की हीला-हवाली होती है, उसका असर संबंधों पर पड़ता है, इसे भारतीय विदेश मंत्रालय के नौकरशाहों को समझने की आवश्यकता है।



2024 में एस जयशंकर की यह पहली विदेश यात्रा थी। उनकी मौजूदगी में नेपाल और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के मुताबिक, अगले 10 साल में नेपाल 10,000 मेगावाट बिजली का निर्यात भारत को करेगा। नेपाली ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव संदीप कुमार के अनुसार, 'यह 25 साल का सौदा है, जिसके तहत पहले 10 वर्षों में भारत को 10,000 मेगावाट जल-विद्युत निर्यात किया जाएगा, उसके बाद हर 10 साल पर यह समझौता स्वत: नवीनीकृत हो जाएगा।

दोनों देशों के बीच 132 केवी क्षमता की रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और न्यू नौतनवा-मैनाहिया अंतरराष्ट्रीय ट्रांसमिशन लाइनों का उद्घाटन जयशंकर की नेपाल यात्रा में किया गया है। गुरुवार को नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक में दोनों देशों के बीच संचार नेटवर्क, व्यापार, जल संसाधन, ऊर्जा व्यापार के विस्तार पर समझौता हुआ है। कोई दस साल पहले 21 अक्टूबर, 2014 को भारत और नेपाल के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इसका उद्देश्य सीमा पार विद्युत पारेषण, ग्रिड को सुविधाजनक बनाना और उसे मजबूत करना रहा है। सवाल यह है कि जो उभयपक्षीय समझौते होते हैं, क्या वे समय पर पूरे होते हैं? इस पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

वैसे भारतीय विदेश मंत्री की इस यात्रा में सब कुछ सहज ही नहीं रहा। नेपाल में जल संसाधन के दुरुपयोग पर भी सवाल बुद्धिजीवियों के समूह ने उठाया है। खैर, प्रधानमंत्री प्रचंड बोल चुके हैं कि केवल भारत के साथ नहीं, इस समझौते ने बांग्लादेश के साथ भी ऊर्जा व्यापार का मार्ग प्रशस्त किया है। अब हम भारतीय ग्रिड के माध्यम से बांग्लादेश के साथ ऊर्जा का व्यापार करेंगे। नेपाल बांग्लादेश को 500 मेगावाट बिजली निर्यात करेगा, इस पर सहमति जुलाई 2023 में बन गई थी। विद्युत आपूर्ति के लिए भारतीय पावरग्रिड और जमीन का इस्तेमाल होगा, मगर इसके मुनाफे में भारत की हिस्सेदारी कितनी है, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

नेपाल में 42,000 मेगावाट जल-विद्युत पैदा करने की क्षमता है। अब भारत ने ऊर्जा समझौते के मामले में चीन को पीछे छोड़ा है, इससे चीन का रक्तचाप बढ़ चुका है। नेपाल में 235 विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जो 124 जल-विद्युत संयंत्र चालू हालत में हैं, उनसे 2,700 मेगावाट बिजली पैदा होती है, यह 1,700 मेगावाट की घरेलू जरूरत से अतिरिक्त है। यदि सभी प्रोजेक्ट बिजली पैदा करने लगें, तो कुल 8,667 मेगावाट का उत्पादन करने में सक्षम होंगे। ऐसे में, दस साल में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात का लक्ष्य आसान नहीं है।

वित्त वर्ष 2022-2023 में नेपाल का भारत को कुल निर्यात पिछले वर्ष के 493 गीगावॉट की तुलना में बढ़कर 1,346 गीगावॉट हो गया। भारतीय कंपनियों के पास 10 संयंत्रों के निर्माण और संचालन के अनुबंध हैं, जबकि चीनी डेवलपर्स के पास पांच अनुबंध हैं। भारत यदि ऊर्जा क्षेत्र में अपनी समय-सीमा का ध्यान रखे, तो भविष्य में भी बड़ी कामयाबी हासिल हो सकती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# संकट के बावजूद नहीं बनता बड़ा मुद्दा

प्रदीप मिश्र

आए दिन शेयर बाजार में तेजी और हर महीने के अंत में जीएसटी संग्रह बढ़ने के बावजूद खुशहाली सबके हिस्से में नहीं दिखती है। खासतौर से नौकरी की चाह रखने वाले युवा वर्ग के लिए दिन गिनने मुश्किल हो रहे हैं। करीब 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश में इस समय 12 करोड़ युवा-युवतियां बतौर बेरोजगार पंजीकृत हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार अक्टूबर, 2023 में बेरोजगारी दर 29 माह के सर्वोच्च स्तर 10.05 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा 15 साल और उससे अधिक आयुवर्ग का है। यह हालात तब हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 2022 में 6.5 लाख और 2023 में 10 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने सांसदों के कामकाज की रिपोर्ट के लिए जो 13 सवाल पूछे हैं, उनमें एक सवाल रोजगार निर्माण का भी है। वैसे, अगस्त, 2023 में संसद में बताया गया था कि भारत सरकार में स्वीकृत 40 लाख से अधिक पदों में से 9.64 लाख पद खाली हैं। यह स्थिति तब थी, जब जून, 2023 तक कर्मचारी चयन आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड ने एक लाख से अधिक पदों पर उपयुक्त पात्रों की संस्तुति कर दी थी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल में विधानसभा में बताया कि उनके यहां सितंबर, 2023 तक बेरोजगारी दर 5.2 रही, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 6.6 प्रतिशत थी। कहा, इस दौरान पंजाब और हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी दर क्रमश: 8.8 और 14.5 प्रतिशत रही। उन्होंने नौ साल में 1.14 लाख नौकरियां दीं। 60 हजार और देने की तैयारी है। हरियाणा में दिसंबर तक 2.9 लाख सरकारी पद खाली थे। इसमें 70 हजार पद शिक्षा विभाग के हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का दावा है कि उन्होंने 37,683 नौकरियां दी हैं। अगले महीने में पांच हजार से अधिक भर्तियां करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश में 2018 के बाद 60,244 से अधिक सिपाहियों की भर्ती भले ही शुरू हो गई है लेकिन पिछले साल सितंबर तक शिक्षक आदि के 1.33 लाख पद रिक्त थे। उत्तराखंड में मार्च 2023 तक 68,586 पद खाली थे, जिनमें 21 हजार से अधिक रिक्तियां शिक्षा विभाग की थीं।




राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सत्ता संभालते ही ढाई लाख नौकरियां देने का वादा किया, लेकिन कुछ घंटों बाद अशोक गहलोत के कार्यकाल में 50 हजार सेवा प्रेरकों की भर्ती रद्द कर दी। उधर, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने 2022-23 में उत्तीर्ण स्नातकों को छह माह तक रोजगार न मिलने पर तीन हजार और डिप्लोमा धारकों को डेढ़ हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता 12 जनवरी से देने की घोषणा की है। बिहार सरकार ने सरकारी स्कूलों के 3.5 लाख संविदा शिक्षक स्थायी कर दिए हैं।

इस बीच एक और रिपोर्ट बताती है कि अक्टूबर-नवंबर में ऑफिस में काम करने वालों की नियुक्तियां 12 फीसदी कम हुई हैं। इसमें आईटी-सॉफ्टवेयर, दूरसंचार और शिक्षा क्षेत्र भी शामिल हैं। इनकी क्रमश: कमी 22, 18 और 17 फीसदी है। आईटी सेक्टर की नौकरियों में सर्वाधिक कमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रतिकूल प्रभाव है। पेटीएम ने एक हजार लोगों को निकालने पर तर्क दिया कि उन्हें एआई ने अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दिया है। वहीं इस साल भारत की स्टार्टअप कंपनियों ने 28 हजार से ज्यादा लोग बाहर कर दिए और नई भर्ती नहीं की। यही नहीं, बीते दो वर्ष में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियां 4.25 लाख कर्मचारियों की छंटनी कर चुकी हैं। भारत में यह आंकड़ा 36 हजार कर्मचारियों का है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की नामी कंपनियां गूगल, मेटा (फेसबुक), अमेजन और एपल सहित दुनिया की छह बड़ी कंपनियां भारत में नई नियुक्तियों पर रोक लगाने की योजना बना रही हैं। वजह, बड़ी टेक कंपनियों में वर्तमान में 30 हजार नौकरियां ही हैं। भारत में डेढ़ लाख लोग टेक कंपनियों में काम कर रहे हैं। इन कंपनियों में 2022 के मुकाबले 2023 में नौकरियां 90 फीसदी कम हुई हैं। एआई अपनाने में तेजी के कारण गूगल, नेटफिलिक्स और मेटा में भारत में मांग 78 प्रतिशत कम हो गई है। चिंताजनक यह भी कि बेरोजगारी के साथ एजुकेशन लोन भी बढ़ रहा है। बीते साल एक अप्रैल से अक्टूबर तक 1,1,715 करोड़ रुपये का शिक्षा ऋण लिया गया, जो पांच साल में सबसे ज्यादा है। इसमें विदेश में शिक्षा के लिए कर्ज लेने वालों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत है। यही कारण है कि भारत में अमेरिकी दूतावास ने अक्टूबर, 2022 से सितंबर, 2023 के बीच रिकॉर्ड 1.40 लाख स्टूडेंट वीजा जारी किए।

बेरोजगारी के आंकड़ों में विरोधाभास का कारण है। नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन (एनएसएसओ) आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आधार पर बेरोजगारी के आंकड़े जारी करती है। इसी आधार पर केंद्र सरकार वार्षिक रिपोर्ट जारी करती है। वित्त वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट केंद्र सरकार ने अक्टूबर में जारी की थी। फिलहाल बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत बताने वाली इसी रिपोर्ट को प्रचारित किया जा रहा है। दूसरी तरफ गैर-सरकारी संस्था (सीएमआईई) ने पिछले साल मार्च में 8.11 फीसदी और जुलाई में बेरोजगारी की दर 7.6 प्रतिशत बताई थी। सीएमआईई हर महीने 1.70 लाख से अधिक घरों का सर्वेक्षण कर आंकड़े जुटाती है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 से 2019 के बीच यह दर छह प्रतिशत से कम रही। 2020 में बेरोजगारी दर 8 फीसदी, 2021 में 5.98 प्रतिशत और 2022 में यह 7.33 फीसदी रही।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### दुर्ग में आईटी पार्क की स्थापना के साथ अब जिला चिकित्सालय में कार्डियक सेंटर स्थापित करने विधायक की बड़ी पहल

**दुर्ग।** शहर के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक गजेन्द्र यादव विकास की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। दुर्ग मेंआईटी पार्क की स्थापना के साथ अब जिला चिकित्सालय में कार्डियक सेंटर स्थापित करने की बड़ी पहल की है। गत दिनों अपने दिल्ली प्रवास के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मिले और उन्हें एक पत्र सौंपकर जिला चिकित्सालय दुर्ग में कार्डियक सेंटर स्थापित करने सहित अन्य सुविधा मुहैया कराए जाने की मांग की। जिस पर मंत्री ने 15 दिनों के भीतर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले में कोई भी बड़ा कार्डियक सेंटर नहीं है और कुछ सेंटर है वह निजी तौर पर संचालित है। विधायक यादव ने जिला चिकित्सालय में कार्डियक सेंटर स्थापना की पहल कर जिलेवासियों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है। उन्होंने पत्र में दुर्ग चिकित्सालय में हृदय रोग के मरीज हेतु कार्डियक सेंटर एवं कैथ सेटअप की मांग की है। साथ ही मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल के बिस्तरों की संख्या 100 से 200 बढ़ाने का आग्रह किया है। बता दे कि उन्नत ट्रामा यूनिट एवं उनके मानव संसाधन की आवश्यकता है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई.02 अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड क्रमांक 12 दुर्गा चौक के वार्ड क्रमांक 03 लेबर कैम्प क्रमांक 3, जामुल आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 19 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदिका द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई 02 (वसुंधरानगर भिलाई 03 ) में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा कर सकेंगे। आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वी बोर्ड उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदन के लिए अर्हताएं- आवेदिका की आयु 18-44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 1 वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह सहायिका, संगठिता को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी ग्राम की स्थाई निवासी होना चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है।

### अब सोमवार को आयोजित होगा कलेक्टर जनदर्शन

**सूरजपुर।** पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर रोहित व्यास ने आज जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में उपस्थित अधिकारी गण को आगामी कार्य योजना से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अब से सोमवार को रखा जाएगा। जिसमें सोमवार को सुबह 10 से 12 बजे तक का समय ई जनदर्शन के लिये निर्धारित किया गया है। जिसमें जिले के सभी विकासखंड के लोग अपने क्षेत्र के जनपद कार्यालय में ई जनदर्शन के माध्यम से अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इसमें व्यक्ति जनपद कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर, स्वान (स्टेट वाईड एरिया नेटवर्क) रूम से कनेक्ट होकर अपनी समस्या प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात दोपहर 12:00 से 02:00 बजे की समयावधि में जिला संयुक्त कार्यालय में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को निर्धारित किया गया है।

### राज्यपाल हरिचंदन की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

# भूतपूर्व सैनिकों के हितों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में आज राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 15वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।




राज्यपाल श्री हरिचंदन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ''सशस्त्र सेना झंडा'' दिवस पर संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और महिलाओं के कल्याण के लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सके। उन्होंने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बैठक में लिये गये निर्णयों से भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाएं एवं उनके परिजन लाभान्वित होंगे। राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपुतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्त्तव्य है।

बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई एजेन्डा बिदुओं पर निर्णय लिये गये। अनाथ बच्चों के निर्धारित आयु सीमा में बढ़ोतरी तथा सैनिक स्कूल में अध्यनरत बच्चों को दी जा रही आर्थिक अनुदान राशि में वृद्धि कर 30 हजार रूपये प्रतिवर्ष किया गया साथ ही 'पुत्री विवाह सगुन' का नियोजन किया गया जिससे लाभार्थियों को अब 51 हजार रूपए की जगह 55 हजार 1 सौ रूपए की राशि प्रदान की जायेगी। बैठक में मुख्य सचिव छत्तीसगढ शासन अभिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज पिंगुआ, वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, जनरल अफ्सर कमाडिंग, मध्य भारत क्षेत्र, लेफ्टिनेन्ट जनरल पदम सिंह शेखावत, कार्यवाहक सचिव केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली, कैप्टेन (भा.नौ) सतीश कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक, पुनर्वास परिक्षेत्र मध्य कमान, लखनऊ ब्रिगेडियर विकम हिरू, मेजर जनरल संजय शर्मा (से.नि), विंग कमाण्डर ए श्रीनिवास राव (से.नि), कैलाश नाहटा एवं टी आर साहु राज्य प्रबंधन समिति छत्तीसगढ़ के सदस्य के रूप में उपस्थित थे।

# फेडरेशन कप नेशनल सायकल पोलो चैम्पियनशिप में छग की महिला टीम विजेता, इंडियन एयरफोर्स ने जीती मेन्स चैंपियनशिप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 17वीं पुरूष एवं 13वीं महिला फेडरेंशन कप राष्ट्रीय सायकल पोलो चैम्पियनशिप भिलाई के साइकिल पोलो ग्राउंड में हुई। 3 से जनवरी से शुरू हुए फेडरेशन कप में पुरुष व महिलाओं की चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला 5 जनवरी को खेला गया। 13वीं महिला फेडरेंशन कप नेशनल सायकल पोलो चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की महिला टीम विजेता बनी। वहीं 17वीं पुरूष फेडरेंशन कप नेशनल सायकल पोलो चैम्पियनशिप में एयरफोर्स की टीम ने खिताब पर कब्जा किया।



महिला वर्ग फाइनल में छत्तीसगढ़ ने केरल को 16-4 से हरायाद्य वही पुरुष वर्ग में इंडियन एयरफोर्स ने टेरिटोरियल आर्मी को 15- 6 से हरायाद्य आज हुये कुल 3 मैच में आज का पहला मुक़ाबला तीसरे स्थान के लिये खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ ने इंडियन आर्मी को 11-8 से हराया द्य बीएसपी सायकल पोलो क्लब भिलाई और छत्तीसगढ़ सायकल पोलो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में इंडियन आर्मी, टेरिटोरियल आर्मी, इंडियन एयरफोर्स सहित छत्तीसगढ़, केरला, वेस्ट बंगाल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के 160 प्रतिभागी खिलाड़ी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये।

मुख्य अतिथि विधानसभ अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने संक्षिप्त उद्बोधन में प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रतिभागी खिलाड़ी अपने प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि सायकल पोलो खेल में खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल है। बीएसपी और सेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए हर संभव प्रयासरत् है। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद ज्ञापित किया।

रमन सिंह ने अपने भाषण में सबसे पहले सायकिल पोलो के 2005-06 में हुये भारत और पाकिस्तान के मैच के बारे में बताया उस रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत आज तक याद है और आज छत्तीसगढ़ की महिला टीम के खेल को देखते हुये ऐसा लगा कि ये बालिकाएं भारतीय टीम प्रतिनिधित्व कर सकती है द्य वही पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ को प्राप्त तीसरे स्थान प्राप्त होने पर और अधिक मेहनत करने की बात कही द्य पुरूष वर्ग के फाइनल मैच के उपविजेता टेरिटोरियल आर्मी एवं विजेता टीम इंडियन एयर फोर्स को बधाई दीद्य छत्तीसगढ़ के सभी खेल के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार पहले की तरह सभी खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिये सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करेगी और सायकिल पोलो के इस अविस्मरणीय आयोजन के लिये एसोसिएशन के सभी सदस्य और भिलाई स्टील प्लांट को साधुवाद दिया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी निशु पाण्डेय ने बताया कि अपने भाषण में भिलाई स्टील प्लांट निदेशक प्रभारी अनिर्बान दास गुप्ता ने 8 राज्यों से आये सभी 160 खिलाड़ियों का स्वागत करते हुऐ कहा कि भिलाई स्टील प्लांट स्टील निर्माण के साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रही है द्य हमे गर्व है कि भिलाई का खिलाडी अपने अच्छे प्रदर्शन से देश और दुनिया मे अपना सकारात्मक नाम कर रहा हैं।

# बच्चों के बेहतर पोषण के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन और पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने शुक्रवार शाम को महिला एवं बाल विकास विभाग की विस्तृत समीक्षा कर विभाग द्वारा चलाए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चे न रहें। उन्हें बेहतर और पौष्टिक भोजन देना सुनिश्चित करें और बच्चों का वजन उम्र के अनुसार बढ़ाएं। कलेक्टर ने जिले में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर शीघ्रता से भर्ती करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी रिक्त पदों की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करें। समीक्षा के दौरान बच्चों के कुपोषण स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं एवं नियमित रूप से बच्चों का वजन माप कर उनकी समीक्षा करने कहा गया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करें कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहे। केन्द्रों का निरीक्षण करे। हर आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस सिलेण्डर से ही खाना पकाएं। केन्द्रों में साफ-सफाई सुनिश्चित हो तथा सभी केन्द्र समय पर खुले तथा होम विजिट सुनिश्चित करें। कलेक्टर मलिक ने कहा कि प्रत्येक माह कम से कम एक बार सभी पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन, बीएमओ और परियोजना अधिकारी बैठक कर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं एवं एनीमिक महिलाओं के स्वास्थ्य पर योजना बनाकर कार्य करें। सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं कन्या विवाह योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं व हितग्राहियों को देना सुनिश्चित करें।

# लोगों की समस्याओं का करें त्वरित निराकरणः कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजस्व विभाग प्रकरणों का जल्द निपटारा करें। आम जनता से जुड़े राजस्व कार्यो का त्वरित निराकरण करने पहल करें उन्हें राहत दें। जाति-आय तथा निवास प्रमाण पत्र इत्यादि निश्चित समयावधि पर बनाकर दें। यह बात कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कही। वे आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।




कलेक्टर डॉ सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारी तथा तहसीलदार से चर्चा कर उनसे राजस्व प्रकरणों सहित अन्य विषयों की जानकारी ली। उन्होने कहा कि वाले अविवादित नामांतरण ,बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों को जल्द से जल्द एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ एवं मैदानी राजस्व अमलों से समय पर प्रतिवेदन प्राप्त करें। निरंतर दौरा करें और नामांतरण के पंचायत में लंबित प्रकरणों का भी समाधान करें। डॉ सिंह ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता दिलाना सीधा आम जनता से जुड़ा विषय है। इस पर संवेदनशीलता से कार्य करें और हितग्राहियों को नियमानुसार जल्द मुआवजा प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि पटवारियों को अपने कार्यालय में बैठने का दिन सुनिश्चित करें संबंधित पंचायत की दीवार में लिखाये। सभी तहसीलदार राजस्व प्रकरणों का हल्कावार समीक्षा करें और यह भी ध्यान दें कि कोई भी प्रकरण अपंजीकृत ना हो। सभी राजस्व न्यायालय निश्चित समय पर नियमित रूप से लगाएं ताकि पक्षकारों को बार-बार ना आना पडे और उनके प्रकरणों में जल्द निर्णय हों। उन्होंने कहा कि सीमांकन के प्रकरण शीघ्र निराकृत करें। अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नियमानुसार जल्द कार्रवाई करें। सकारात्मक भाव से काम करें और अनुशासन बनाएं रखें। बी- 1 पढ़कर सुनाए तथा फौती दर्ज करनेअभियान चलाएं। भाड़ा नियंत्रण के लंबित प्रकरणों को समीक्षा कर जल्द निपटारा करें। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि प्रत्येक राजस्व अधिकारी का अपने क्षेत्र में जनता के साथ प्रत्यक्ष संपर्क होता है। उनके साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें। ऐसे कार्यों में त्वरित पहल करें। आधार सीडिंग, किसान किताब की प्रविष्टि, जेंडर प्रविष्टि की समीक्षा करें। धान खरीदी केन्द्रो में व्यवस्था बनाएं रखें और धान बेचने वाले किसानों को किसी प्रकार की तकलीफना हो। इस बैठक में अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई, बी.सी साहू सभी एसडीएम सहित राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और शंकराचार्य

श्रीकंचनपथ




अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का देश बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इसके बाद देश-विदेश से श्रद्धालु इसके दर्शन के लिए पहुंचेंगे। रेलवे ने इसके लिए खास इंतजाम किये हैं। कुछ राज्य सरकारें मुफ्त में दर्शन कराने की योजना भी बना रही हैं। छत्तीसगढ़ से इस मंदिर का खास कनेक्शन भी है। प्रभुश्रीराम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। मंदिर खूब मजबूत बने, इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र ने भूकंपरोधी टीएमटी बार उपलब्ध कराया है। धान का कटोरा छत्तीसगढ़ भोग के लिए सुगंधित चावल उपलब्ध करा रहा है। इस बीच जगन्नाथपुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि उनके भी पद की गरिमा है। प्रधानमंत्री प्राण प्रतिष्ठा करेंगे और शंकराचार्य खड़े-खड़े ताली बजाएंगे, ऐसा वो नहीं कर पाएंगे। इसलिए वो अयोध्या नहीं जाएंगे। उन्होंने अपूर्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को भी गलत बताया है। उन्होंने इस बात पर भी सवाल खड़े किये हैं कि सरकार अयोध्या, मथुरा और काशी में विशाल मस्जिद बनवाने जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे देश में तीन पाकिस्तान और बन जाएंगे। पर सवाल यह उठता है कि क्या लोग उनकी सुनेंगे? लोगों को क्यों उनकी सुनना चाहिए? क्या शंकराचार्य हिन्दू समाज के आध्यात्मिक गुरू रह गए हैं? पिछले कुछ सालों में इतने धर्म विशेषज्ञ-मर्मज्ञ पैदा हो गए हैं कि धर्म खुद कन्फ्यूज हो गया है। इन धर्माचार्यों के लाखों फालोअर्स हैं। कुछ धर्माचार्य तो जेलों में हैं पर उनके अनुयायियों की संख्या या आस्था में कोई कमी नहीं आई है। वे गैंगस्टर्स की तरह जेलों से ही अपने साम्राज्य का संचालन कर रहे हैं। दरअसल, शंकराचार्यों ने थाली में परोसकर हिन्दुओं की अगुवाई राजनेताओं को सौंप दी। लोकतंत्र में यह राजनेताओं की मजबूरी है कि वो धर्म का इस्तेमाल भी जनता के ध्रुवीकरण के उपकरण की तरह करे। राजनीति इसमें सफल रही है। इसलिए अब तक किनारे बैठकर ताली बजा रहे धर्माचार्यों के लिए राजनीति ने यही भूमिका तय कर दी है। महाभारतकाल इसका सबसे बड़ा गवाह और उदाहरण है। सही-गलत का ज्ञान होने के बावजूद आचार्यों और महारथियों को युवराज दुर्योधन की जिद पूरी करने के लिए सिंहासन का साथ देना पड़ा। भगवान श्रीकृष्ण धर्म की रक्षा के लिए सिंहासन के खिलाफ चले गए और एक विशाल साम्राज्य धराशायी हो गया। अब यह शंकराचार्यों को ही तय करना है कि वे सिंहासन का साथ दें या उसके खिलाफजाएं। सिंहासन के खिलाफ जाने के लिए श्रीकृष्ण का साहस और आत्मविश्वास चाहिए। क्या है ऐसा साहस? वैसे भी हिन्दू समाज का नेतृत्व पीठों में बिखरा हुआ है। पहले तो वो एक हो जाएं। स्वयं को समेटें और एक शक्ति के रूप में सामने आएं। यदि ऐसा करना संभव हुआ तभी वे हिन्दुत्व का वास्तविक नेतृत्व कर रहे होंगे। अन्यथा, वो अपनी उसी छद्म भूमिका में खुश रहने की आदत डाल लें जो राजनीति ने उनके लिए तय कर दी है।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी से ठंड से मिली राहत

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। रायपुर में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा। रायपुर में यह पूरा सप्ताह न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे नहीं गया है। शुक्रवार को प्रदेश के न्यूनतम तापमान में सामान्य से पांच डिग्री की बढ़ोतरी हुई, इसके चलते ठंड थोड़ी कम हुई है।

प्रदेश भर में नारायणपुर सबसे ठंडा रहा। एडब्ल्यूएस नारायणपुर में न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को सरगुजा संभाग तथा उसके आसपास के जिलों में बादल छाए रहने व हल्की बारिश के आसार है। अगले सप्ताह से ही प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। दो दिनों बाद ही मौसम का मिजाज थोड़ा बदलेगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनवरी पहले सप्ताह में ठंड काफी कम है, हालांकि दिसंबर महीने में इस वर्ष ठंड अच्छी पड़ी है। ठंड कम पड़ने से अब गर्म कपड़ों के स्टालों में भी ग्राहकों की भीड़ थोड़ी कम होने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि अब ठंड बढ़ने पर ही कारोबार की रफ्तार फिर से बढ़ेगी। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा। इसके साथ ही बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री और पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों ही क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा रहा।

### निबंध प्रतियोगिता में देवाशीष, अदिति व लक्ष्मी रहे अव्वल

**रायुपर।** सुशासन दिवस पर नालंदा परिसर और सेंट्रल लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भारत रत्न 'अटल बिहारी वाजपेयी और उनका मेरे जीवन पर प्रभाव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में देवाशीष पटेल ने प्रथम स्थान, अदिति चौबे ने द्वितीय स्थान व लक्ष्मी निर्मलकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता और प्रतिभागियों को उप संचालक रोजगार शशिकला अतुलकर, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के महाप्रबंधक जनसंपर्क आशीष मिश्रा, जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल व पाथ एकेडमी की कोऑर्डिनेटर योगिता हुड्डा के हाथों प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नालंदा परिसर की लाइब्रेरियन मंजुला जैन व सेंट्रल लाइब्रेरी की लाइब्रेरियन माधुरी खलको द्वारा किया गया।

# शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 40वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

## छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों को मिलेगी हर संभव मदद: बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित 40वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय सब जूनियर का प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल और खिलाड़ियों के एक बार फिर से अच्छे दिन आने वाले हैं।







राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कवायद शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान मिलेगी। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ ने पूरी दुनिया में अपना परचम लहराया है। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने राज्य में खेलों के विकास के लिए हर संभव मदद की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा, जिससे वे खेलों में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर सकें। उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 1000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका, संघ के सदस्य, खेल प्रशिक्षक, मैनेजर, विभिन्न राज्य से आए हुए खिलाड़ी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित

### राजनैतिक दलों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में दी गई जानकारी





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा राज्य स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ 05 जनवरी 2024 को निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में बताया गया कि राज्य में 1,01,49,798 (पुरूष), 1,02,72,119 (महिला), कुल-739 (थर्ड जेंडर) कुल-2,04,22,656 पंजीकृत मतदाता है। पुनरीक्षण में 01 जनवरी के साथ साथ 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। वोटर हेल्प लाइन एप अथवा वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 06 जनवरी 2024 से दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि प्रारंभ हो जाएगी। सभी नागरिक 22 जनवरी, 2024 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रदेश की मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाए जाने हेतु इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

# कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने किया बीपीओ कॉल सेंटर का निरीक्षण

- **प्रशिक्षण के लिए नए कोर्स शुरू करने और दूरस्थ के बच्चों को अवसर प्रदान करने दिए निर्देश**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर सेंटर में काम कर रहे कर्मचारियों से बात की एवं उनसे काम के जुड़े उनके अनुभव पूछे। साथ ही काम से जुड़ी जानकारी जैसे वेतन और काम की अवधि के बारे में और बीपीओ कॉल सेंटर के संचालक से केंद्र में काम कर रहे युवक-युवतियों के रहने खाने की सुविधा, कार्यावधि और आवागमन की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कॉल सेंटर में काम कर रहे युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान करने नए कौशल से जुड़े विषयों की ट्रेनिंग देने और साथ ही दूरस्थ अंचल के बच्चों को भी नौकरी का अवसर प्रदान करने के सुझाव दिए। साथ ही कहा कि परंपरागत व्यवसाय से जुडे वर्गों के कॉल सेंटर से जोड़े और उनकी प्रतिभा को विकसित करें।

कलेक्टर ने बीपीओ सेंटर के विभिन्न विभागों का भी निरीक्षण किया, साथ ही कैफेटेरिया का निरीक्षण कर खाने की गुणवत्ता और कर्मचारियों की सुविधा के विषय में आवश्यक निर्देश दिए इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप उपस्थित थे।

### संतों का आशीर्वाद पाकर अभिभूत हुए मुख्यमंत्री

## संतगणों का शुभागमन हमारा सौभाग्य: विष्णु देव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष आचार्य राकेश कुमार के नेतृत्व में पहुना में पधारे महामण्डलेश्वर सर्वेश्वर दास, महंत त्रिवेणी दास, महंत दिव्यकांत दास, महंत राधेश्याम दास, महंत श्याम सुंदर दास, महंत नंदाचार्य, महंत विवेक गिरी, महंत सीताराम दास, महंत राम रूप दास का आशीर्वाद पाकर खुशी से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री ने संतगणों के दर्शन और उनसे प्राप्त आशीर्वाद को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि यह पल मेरे लिए बेहद प्रसन्नता का पल है। पूजनीय संतगणों के शुभागमन से उनके दर्शन और आशीर्वाद का लाभ प्राप्त हुआ है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में ई-ग्रंथालय की शुरुआत

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय की लाइब्रेरी किताबें एवं पत्रिकाएं भी ऑनलाइन उपलब्ध हो गई है, जिसका उपयोग सदस्य आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से कर सकेंगे। सितंबर 2023 महीने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय की लाइब्रेरी को नेशनल इंफर्मेटिक्स सेन्टर द्वारा विकसित ई-ग्रंथालय से जोड़ा गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वर्तमान में 36 लाइब्रेरी है जिनमें बिलासपुर मण्डल में 12, रायपुर रेल मण्डल में 12, नागपुर रेल मण्डल में 09 तथा 3 अन्य वैगन रिपेयर शॉप व मोती बाग कारखाने में अवस्थित है। इन सभी में वर्तमान में 23554 किताबें उपलब्ध है। लाइब्रेरी में मौजूद 11 हजार पुस्तकों के कैटलॉग ऑनलाइन किए जा रहे है और किताबों को ईश्यू करने की प्रक्रिया व मेंबरशिप भी ऑनलाइन कर दी गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना के साथ ही इस लाइब्रेरी की स्थापना की गई थी। अब ई-लाइब्रेरी के रूप में इसे नया स्वरूप दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद ने कार्यभार संभालते ही पॉवर कंपनी के अधिकारियों की ली मैराथन बैठक

### पॉवर कंपनी के 12वें अध्यक्ष बने पी. दयानंद



**रायपुर।** मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के 12वें अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण उपरांत श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी के उच्च अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सौर ऊर्जा और जल से विद्युत उत्पादन संबंधित प्रस्ताव तैयार करने कहा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के रायपुर मुख्यालय स्थित सेवा भवन में ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष पी. दयानंद ने पॉवर कंपनी के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्च अधिकारियों की अलग-अलग बैठक ली। लगभग तीन घंटे तक चली बैठक में सभी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने कंपनी की उपलब्धियों और संरचना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 62 लाख उपभोक्ताओं को 24 घंटें निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में अधिकतम डिमांड 6157 मेगावॉट तक पहुंची है, जिसकी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के पूरी की गई। वितरण कंपनी की वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने जानकारी दी कि प्रदेश में जनरेशन कंपनी की कुल क्षमता 2978.7 मेगावॉट है। जनरेशन कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत संयंत्र और अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत संयंत्र मड़वा पूरी क्षमता से विद्युत उत्पादन कर रहे है, जिससे बिजली की उत्पादन लागत में कमी आई है। अध्यक्ष ने पॉवर कंपनी में नई भर्तियों और रिक्त पदों की भी जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि विद्युत के क्षेत्र में और भी बेहतर कार्ययोजना बनाकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने पॉवर प्लांट से निकलने वाले राखड़ के 87 प्रतिशत से अधिक निष्पादन पर संतोष जताया और इसे और बेहतर करने की बात कही। इस अवसर पर तीनों कंपनियों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे।

नवनियुक्त अध्यक्ष पी.दयानंद को विद्युत सेवा भवन में पॉवर कंपनीज अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक संघ-संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ को संवारने और राज्य शासन के रीति-नीति के अनुरूप विद्युत विकास के मामले में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सर्दियों में घटाना चाहते हैं वजन, तो वेट लॉस के साथ ही इन वजहों से डाइट में शामिल करें पपीता

**सर्दियों में कई तरह के फल बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। बाजार में मिलने वाले ये फल हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। पपीता इन्हीं फलों में से एक है, जिसे अपनी डाइट में शामिल करने से सेहत को ढेर सारे फायदे मिलते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, पपीता विटामिन और मिनरल का खजाना होता है, जिसमें विटामिन ए, सी और ई भारी मात्रा होते हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य, इम्युनिटी और सेल प्रोटेक्शन के लिए जरूरी हैं।**

साथ ही यह स्वाद में भी काफी बेहतरीन होता है। यही वजह है कि लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं। वैसे तो पतीता हर सीजन में आसानी से मिल जाता है, लेकिन सर्दियों में इसे खाने से काफी फायदा होता है। यह न सिर्फ आपको ठंड से बचाता है, बल्कि अन्य कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी राहत दिलाता है। आइए जानते हैं सर्दियों में पपीते खाने के कुछ फायदे-



### ब्लड शुगर कंट्रोल करे

पपीते में विटामिन सी और ई सहित फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर के लेवल को रेगुलेट करने में मदद करता है। ये पोषक तत्व ब्लड फ्लो में शक्कर के अब्जॉर्प्शन रेट को कम करने में मदद करता है और ग्लाइसेमिक इंडैक्स कंट्रोल करने में सहायता करते हैं, जो डायबिटीज के लोगों के लिए फायदेमंद होता है।

### प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करे

पपीते में मौजूद विटामिन सी, एक इम्युनिटी बढ़ाने वाला एंटीऑक्सीडेंट है। मजबूत इम्यून सिस्टम संक्रमण और बीमारियों के खिलाफ शरीर रक्षा करता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण सेल्स को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं, जिससे प्रतिरक्षा कार्य का समर्थन होता है।

### वजन घटाने के लिए पपीता

पपीता डाइटरी फाइबर से भरपूर एक लो कैलोरी फल है और इसमें पपेन नामक एंजाइम होता है, जो प्रोटीन को तोड़ने में मदद करता है, पाचन को बढ़ाता है और वजन घटाने में सहायक है। इसमें मौजूद फाइबर कंटेंट देर तक आपका पेट भरा रखती है, जिससे आपकी भूख को नियंत्रित होती है और इस प्रकार वेट मैनेजमेंट में मदद मिलती है।

### कैंसर की संभावना कम करें

पपीते में विभिन्न प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जैसे कैरोटीनॉयड, फ्लेवोनोइड और बीटा-क्रिप्टोक्सैन्थिन, जो शक्तिशाली कैंसर विरोधी गुण होते हैं और ये कंपाउंड फ्री रेडिकल्स को बेअसर करते हैं, सेलुलर डैमेज को रोकते हैं और कोलन, प्रोस्टेट और ब्रेस्ट कैंसर आदि के खतरे को कम कर सकते हैं। साथ ही यह पाचन संबंधी कैंसर के खतरे को भी कम कर सकता है।

### हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखें

पपीते में मौजूद एक आवश्यक खनिज पोटेशियम, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे आपकी दिल की सेहत बेहतर होती है। पपीते में पाए जाने वाले विटामिन सी और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन को कम करते हैं, जो हृदय संबंधी स्वास्थ्य में मदद करते हैं।




## अभिनेता सोनू सूद ने दिव्यांगों के लिए उठाई आवाज

**अभिनेता सोनू सूद ने दिव्यांगों की आवाज बनते हुए अधिकारियों और राय सरकारों से उनकी मूल ग्रेयुटी और न्यूनतम पेंशन पर पुनर्विचार करने और बढ़ाने का आग्रह किया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सड़क किनारे बैठे दिव्यांग के साथ वीडियो शेयर किया। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए देखा जा सकता है, च्आज मैं बिहार से आए धर्मेंद्र के साथ हूं। मुझे अभी पता चला कि देश में किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को सरकार 400 रुपये देती है। जरा सोचिए कि कोई व्यक्ति 400 रुपये में अपना खर्च कैसे चला सकता है। मैं विभिन्न सरकारों से आग्रह कर रहा हूं कि सिर्फ 400 रुपये में कुछ भी नहीं किया जा सकता है, और इसलिए मैं सरकार से इस योजना के तहत वित्तीय सहायता की राशि बढ़ाने का अनुरोध करता हूं।**

पोस्ट को कैप्शन दिया गया था, मेरे नए साल का संकल्प दिव्यांगों के लिए अधिकार... मैं संबंधित अधिकारियों और राय सरकारों से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि वे दिव्यांगों की मूल ग्रेयुटी और न्यूनतम पेंशन को उचित रूप से बढ़ाएं ताकि उन्हें उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सके। उनके सामने आने वाली अंतर्निहित चुनौतियों को कम करने के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए। फिल्मों की बात करें तो वह अगली बार फतेह में नजर आएंगे, जिसे जी स्टूडियोज और उनकी प्रोडक्शन कंपनी शक्ति सागर प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित किया जा रहा है। इसमें जैकलीन फर्नांडीज भी हैं।

## मालदीव में बॉयफ्रेड संग वेकेशन मना रही तापसी पन्नू गोद में बैठ फोटो की शेयर



एक्ट्रेस तापसी पन्नू, जिन्हें उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म डंकी के लिए शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, वर्तमान में मालदीव में छुट्टियों मना रही हैं। एक्ट्रेस ने नए साल का जश्न अपने बॉयफ्रेंड मैथियास बो और बहन शगुन पन्नू के साथ मनाया।

मनमर्जियां एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में वह अपनी बहन शगुन पन्नू के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने गोल्डन बॉर्डर वाली ब्लू साड़ी पहनी और इसे व्हाइट ब्लाउज के साथ पेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मुस्कान और साड़ी के साथ 2024 में एंट्री कर रही हूं। अगली तस्वीर में एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड की गोद में बैठी हैं और उन्हें प्यार से गले लगा रही हैं। तापसी पन्नू ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, एंड ए हग। खबरों की मानें तो तापसी अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले 1 वेब सीरीज और 1 फिल्म का निर्माण करने वाली हैं।

## 'आशिकी 3' में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना चाहती हैं प्रणति राय प्रकाश



लव आजकल 2' में कार्तिक आर्यन के साथ काम करने के बाद, एक्ट्रेस प्रणति राय प्रकाश ने 'आशिकी' की तीसरी इंस्टॉलमेंट में एक बार फिर से कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन शेयर करने की इच्छा व्यक्त की है। प्रणति का सपना 'आशिकी 3' में एक्टिंग करने और अनुराग बसु के साथ काम करने का है, जो उनके ड्रीम्स डायरेक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने कहा, लोगों को हमारी केमिस्ट्री पसंद आई है और मुझे पर्सनली तौर पर रोमांटिक फिल्में पसंद हैं। मैं 'आशिकी-3' में उनके साथ एक बार फिर काम करना पसंद करूंगी। 'आशिकी' फ्रेंचाइजी की शुरुआत 1990 के दशक में राहुल रॉय, अनु अग्रवाल और दीपक तिजोरी के साथ हुई थी। इसका निर्देशन महेश भट्ट ने किया था।

मोहित सूरी द्वारा निर्देशित 'आशिकी 2' 2013 में रिलीज हुई थी। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं, शाद रंधावा और महेश ठाकुर सहायक भूमिकाओं में हैं, साथ ही सलिल आचार्य एक कैमियो भूमिका में हैं।

# एक्टर्स को डेट करने के सवाल पर बोलीं जान्हवी कपूर, ये टेंशन वाला काम है



**एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने एक्टर्स को डेट करने के सवाल पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा है कि एक्टर कंपीटिटिव और वीयर्ड होते हैं। बॉलीवुड सिस्टर्स जान्हवी और खुशी कपूर स्ट्रीमिंग चैट शो कॉफी विद करण के अपकमिंग एपिसोड में नजर आएंगी। दोनों अपने करियर, फैमिली और लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में हैं।**

इसके बारे में खुलते हुए, जान्हवी ने कहा, आपकी एक फिलॉसफी भी है जिसके बारे में हमने बात की है कि आप एक्टर्स को डेट नहीं करना चाहती, क्योंकि आपको लगता है कि यह कहीं न कहीं टेंशन देगा। जवाब देते हुए जान्हवी ने कहा, एक्टर्स को डेट करना सच में मुश्किल काम है। वैनिटी इस प्रोफेशन का बहुत बड़ा हिस्सा है। मैं बेहद ओब्सेस्सेड हूं, यह प्रोफेशन ऐसा है जहां आपको हर समय खुद के प्रति जुनूनी रहने की जरूरत है। यह आपको खा जाता है। धड़क फेम एक्ट्रेस ने कहा, आपको किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने की जरूरत है जो आपको भी खुद के साथ टाइम बिताने के लिए वक्त दे। लेकिन मुझे लगता है कि एक्टर्स बहुत ही कंपीटिटिव और वीयर्ड होते हैं। जान्हवी कथित तौर पर धड़क के को-स्टार ईशान खट्टर को डेट कर चुकी हैं। अफवाह थी कि उन्होंने हैंडसम हंक कार्तिक आर्यन को डेट किया था।

**करण ने पूछा**- आप कभी किसी एक्टर को डेट नहीं करेंगी, क्योंकि आप अभी जहां हैं, वहां आप कंफर्टेबल हैं?

**एक्ट्रेस ने जवाब दिया**- मैं आपको बता रही हूं कि जब कोई एक्टर होता है तो हमेशा टेंशन बनी रहती है। मैं उस टेंशन से निपट नहीं सकती, क्योंकि मुझे खुलकर रहना पसंद है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस इन दिनों शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं।

कॉफी विद करण सीजन 8 डिनी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।



## प्रीति जिंटा ने कलरफुल तरीके के साथ शुरु किया नया साल

एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने बुधवार को नए साल के जश्न की फोटो शेयर की और बताया कि वह साल 2024 की शुरुआत कलरफुल तरीके से कर रही हैं। वीर जारा एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर कलरफुल कैप और ऑरेंज कलर की टी शर्ट पहने एक सेल्फी पोस्ट की। ब्लैक सनग्लासेस के साथ एक्ट्रेस अपनी डिंपल वाली स्माइल फ्लॉन्ट कर रही हैं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया-2024 की शुरुआत कलरफुल तरीके के साथ। कोई मिल गया की एक्ट्रेस ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया। 29 फरवरी 2016 को जिंटा ने लॉस एंजिल्स में जीन गुडइनफ से शादी की थी। 2021 में, वह और उनके पति सरोगेसी के जरिए जुड़वां बचों, एक लड़का और एक लड़की, के माता-पिता बने। वर्क फ्रेट की बात करें तो, प्रीति को अब से पहले फिल्म भैयाजी सुपरहिट में देखा गया था, जो साल 2018 में रिलीज हुई थी। इसमें सनी देओल, अरशद वारसी, अमीषा पटेल और श्रेयस तलपड़े लीड रोल में थे।

## रकुल प्रीत सिंह ने नए साल के अपने पहले वर्कआउट की दी झलक



अपने प्रेमी और फिल्म निर्माता जैकी भगनानी के साथ छुट्टियां मनाकर वापस आई अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने साल 2024 का अपना पहला वर्कआउट शुरू कर दिया है। रकुल प्रीत और जैकी अपनी छुट्टियों के लिए विदेश यात्रा पर थे, जहां जैकी ने अपना 39वां जन्मदिन मनाया। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यारियां अभिनेत्री ने पेस्टल ब्लू टैंक टॉप पहने हुए और अपने बालों को पोनीटेल में बांधते हुए एक मुस्कुराते हुए सेल्फी साझा की। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, आखिरकार खाने-पीने के बाद साल का पहला वर्कआउट। दे दे प्यार दे की अभिनेत्री छुट्टियों से अपनी तस्वीरों के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन कर रही हैं, जिसमें उन्हें समुद्र के किनारे आनंद लेते देखा जा सकता है। रकुल के पास मेरी पत्नी का रीमेक , अयलान और इंडियन 2 हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में उज्जवला योजना से लाभान्वित हो रहे हैं हितग्राही

**सूरजपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में उज्ज्वला योजना के तहत दिये जा रहे हैं गैस कनेक्शन में राज्य स्तर पर सूरजपुर जिले का स्थान दूसरा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के तहत निर्धन महिलाओं को नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिये जाने से महिलाओं को न केवल भोजन बनाने मे सहूलियत होने लगी है और तो और पूर्व में लकड़ियों, गोबर के कंडों से भोजन बनाने पर निकलने वाले धुओं से भी उन्हें छुटकारा मिला। इस क्रम में आज जिले में चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उज्जवला योजना के हितग्राही महिलाओं ने नि:शुल्क रसोई गैस के फायदों को साझा किया। पहले चूल्हे में खाना बनाने के लिए जंगल से लकड़ियों के व्यवस्था करनी पड़ती थी फिर उसे जलाने और भोजन पकाने में बहुत वक्त जाया होता था। परन्तु रसोई गैस होने से अब मिनटो में भोजन तैयार हो जाता है। प्रधानमंत्री उज्जवला के स्टॉलों पर महिलाओं की भारी भिड़ देखने को मिली।

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत चयन परीक्षा 10 मार्च को

**राजनांदगांव।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। चयन परीक्षा रविवार 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में आयोजित की गई है। परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला कार्यालय से संपर्क कर आवेदन पत्र अपने अध्ययनरत शाला में 25 जनवरी 2024 तक जमा कर सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि परीक्षा में शामिल होन के लिए विद्यार्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक होना चाहिए। परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा पांचवी में नियमित रूप से अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। विद्यार्थी के पिता व पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 रूपए से अधिक न हो। इसके लिए आय प्रमाण-पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए। योजना अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णत: ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से किया जायेगा अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा 4थी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे।

#### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 18 वी बैठक

# ट्रेनों के लेटलटीफी पर चर्चा, चेंबर के पदाधिकारियों ने दिए सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित हुई रेलवे जेड आरयूसीसी मेम्बरो की बैठक में जेड आर यू सी मेम्बर और छत्तीसगढ़ चेंबर के राजेंद्र जग्गी ने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में रद्द हो रही यात्री ट्रेनों पर चर्चा हुई तथा यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव रखे गए।

चेंबर कार्यकारी अध्यक्षराजेंद्र जग्गी ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 18 वी बैठक बिलासपुर के रेलवे के महाप्रबंधक प्रशासनिक भवन मे महाप्रबंधक आलोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई मीटिंग के शुभारंभ में रेलवे महाप्रबंधक आलोक कुमार ने जेड आर यू सी सी मेंबरो का शाल श्री फल से सम्मानित किया श्री जग्गी ने रेलवे विकास और यात्री सुविधाओं से संबंधित निम्न सुझाव रखे जो निम्नानुसार है:- 1. बिलासपुर रेलवे जोन में विगत वर्षों में लगातार यात्री ट्रेन रद्द हो रही है जिसमें चैंबर की तरफसे मांग की गई की कम से कम 15 दिन पहले सूचित किया जावे जिससे की यात्रीगण अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर सके। इसके जवाब में रेलवे महाप्रबंधक ने इसे गंभीर विषय मनात् हुए उन्होंने इस मांग को उचित माना एवं उन्होंने कहा कि हम पूरा प्रयास करेंगे कि यह समस्या आगे ना आए अगर किसी कारणवश होती है तो उसे कम से कम 15 दिन पहले सूचित करने का प्रयास किया जाएगा।

2. रेलवे पार्सल में छोटे व्यापारियों को आ रही असविधा हेतु भी चैंबर द्वारा मांग रखी गई की कच्चा माल जो छोटे व्यापारी मांगते हैं किसी कारणवश वह आगे स्टेशन पर चला जाता है उसके क्लैंप हेतु छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को नागपुर या भोपाल क्रिमिनल कोर्ट के लिए के जाना पड़ता है जिस पर राजेंद्र जग्गी जी ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर या बिलासपुर में इसकी एक बेंच या कोर्ट बनाई जाए जिस पर सम्मानित महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि यह विषय केंद्र का है आपके द्वारा दिए गए सुझाव को हम केंद्र में प्रेषित करेंगे और पूरा प्रयास करेंगे कि यहां कोर्ट की स्थापना हो सके इसके अलावा जगदीश जी द्वारा बिलासपुर उसलापुर रेलवे स्टेशन अंबिकापुर शक्ति आदित्य स्टेशनों से चलने वाली ट्रेन वहां ट्रेनों ट्रेनों एवं वहां के स्टेशन की समस्याओं को भी सम्मानित महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया जिस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से ठीक करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डी जी एम समीरकांत माथुर रेलवे के अन्य अधिकारीगण सहित जेड आर यू सी सी मेम्बर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शासन की जनकल्याकारी योजनाओं से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करें-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने मगरलोड विकासखंड के ग्राम राजपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा की और योजनाओं से उठाये लाभ के बारे में बात की। कार्यक्रम में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाकर जनसामान्य को जानकारी प्रदान की गई और योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जोड़ा गया।

कलेक्टर सुश्री गांधी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। विभागों के स्टाल में सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी के अनुपस्थिति और जानकारी नही दे पाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को शासन की जनकल्याकारी योजनाओं से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही नहीं छूटना चाहिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में किये जा रहे इलाज की जानकारी ली और सभी प्रकार के जांच करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड बनाने एवं वितरण के संबंध में भी उन्होंने जानकारी ली।

उन्होंने छूटे हुए व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। जिससे आयुष्मान कार्ड से सभी को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने खाद्य विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री उज्वला योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही राजस्व विभाग को नक्शा, खसरा, बी-1 सहित अन्य राजस्व के संबंध में सभी जानकारी लोगों को देने के निर्देश दिए।

# जिले के विभिन्न ग्रामों में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1403 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 100 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 70 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 515 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 161 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 66 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

# स्कूलों के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर, बच्चों का किया उत्साहवर्धन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपने व्यस्थ शेड्यूल से समय निकालकर बच्चों के बीच भी पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को विधायक ललित चंद्राकर ने दो अलग-अलग स्कूलों के वार्षिकोत्सव में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से मिलकर उनका उत्साह वर्धन किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा भी अपने चहेते विधायक का अभिनंदन पुष्प हार व पुष्पगुच्छ देकर किया।**

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पहले रिसाली नगर निगम क्षेत्र पुरैना वार्ड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्रओं द्वारा प्रस्तुत विविध कार्यक्रमों को देख मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान उन्होंने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दुर्ग जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल



बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, प्राचार्य माधुरी मिश्रा, डी. साई, पार्षद ओमप्रकाश मिरझा, एम लक्ष्मण राव, पी प्रकाश, मोहन बघेल, सुरेश चंद्राकर, सीएच वैकण्ड, चंद्रा बारिक, गोविन्द दास निहाल, मधु, नीरज, रामगोपाल वर्मा, सोमनाथ यादव, इन्द्राणी वर्मा, लता मानिकपुरी, गोविन्द निहाल, सुरेश, शंकर यादव, रामा राव, कुशल चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

### बेलौदी के स्कूल में हुआ विधायक ललित चंद्राकर का सम्मान

विधायक ललित चंद्राकर ने शुक्रवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शासकीय हाईस्कूल बेलौदी में आयोजित वार्षिकोत्सव में भी शामिल हुए। बेलौदी के स्कूल में नवनिर्वाचित विधायक ललित चंद्राकर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने स्कूली बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के बीच आकर काफी अच्छा महसूस होता है। वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो कि उपस्थित लोगों को अभीभूत करने वाले हैं।

कार्यक्रम के अंत में विधायक ललित चंद्राकर ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और आगे भी इसी प्रकार का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, पूर्व जनपद सदस्य मुकेश बेलचंदन, प्राचार्य कुमुद सिंह,व्याख्याता सीबी देशमुख, सरपंच मुकुंद पारकर, गिरेश्वर देशमुख, भगवती पारकर, रामनारायण पारकर, प्यारेलाल साहू, मोहन महतेल, मंथिर निषाद, राम विलास, ओमप्रकाश, रवि देशमुख, रमेश साहू, दिनेश पारकर, नरसिंग साहू, निर्मल ठाकुर, चतुर देशमुख सहित गांव के लोग व स्कूल के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### परिषद् के चार वर्ष पूर्ण होने पर महापौर धीरज ने बताई उपलब्धियां...

# निगम कर्मियों, पार्षदों एवं नागरिकों का भी सहयोग सराहनीय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम में कांग्रेस परिषद के चार वर्ष पूर्ण होने पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने परिषद के कार्यकाल को उपलब्धि जनक बताते हुए पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग निगम के एमआईसी सदस्यों पक्ष व विपक्ष के पार्षदों के साथ अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों के सहयोग को अभूतपूर्व बताया है। बाकलीवाल ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में चार वर्ष के अंतराल में शहर के विकास,सौंदर्गीकरण, पेयजल विद्युत व्यवस्था की दिशा में कई कार्य किए गए है।

जिसमें ठगडा बांध पिकनिक स्पाट, गौरव पथ सौंदर्याकरण, शहर की भीतरी गलियों में सड़को व नालियों का निर्माण, निगम मुख्यालय में मोतीलाल वोरा सभागार, वोरा सहित शहीदों की प्रतिमाओं की स्थापना व 18 पेयजल टंकियों को भरने चार पंप, 6 हजार नये नल कनेक्शन सहित अन्य कार्य शामिल है। उन्होंने कहा



कि आने वाले समय में शिवनाथ रिवर फ्रंट, एस्ट्रोटर्फमैदान व कचरा निष्पादन के लिए प्लांट लगाने का काम प्रस्तावित है। परिषद के बनते ही शुरूवाती दिनों में ही वैश्विक महामारी कोरोना ने पूरी मानवता को अपनी चपेट में ले लिया था, जिस दौरान हमारे एमआईसी सदस्य,पार्षद, अधिकारीगण, सफ ाई कर्मचारी सहित दुर्ग निगम परिवार ने अपनी जान एवं परिवार की परवाह किये बिना जनसुरक्षा एवं जनसेवा की दिशा में अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन किया। जिसके बाद परिषद ने ऐतिहासिक निर्णय लेने हुए हमारे स्वास्थ्य विभाग के प्लेसमेंट एवं एमसीसी कर्मचारियों को 15 प्रतिशत बोनस राशि देकर प्रोत्साहन दिया। गली मोहल्लों में सेनेटाईजेशन हो या फिर जरूरतमंदों को अनाज एवं खाना वितरण निगम हमेशा अपने कर्तव्यों पर डटा रहा।विकास कार्यों के निष्पादन में भी निगम नें चार वर्षों में कोई कमी नही छोड़ी है,सड़क नाली, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को जनता के लिए सुनिश्चित करने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास सफलतापूर्वक किया गया। स्लम स्वास्थ्य योजना का सुचारू संचालन, धनवंतरी दवा दुकान से सस्ती दवाओं की उपलब्धता, सी-मार्ट से पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देना जैसे कामो ने सीधे जनता को लाभ पहुँचाया है। निगम द्वारा 350 से अधिक पशुपालकों से 61.00 लाख रू की गोबर खरीदी कर 7500 क्विंटल से अधिक खाद का अब तक उत्पादन किया गया है। शासन की अवैध निर्माण के नियमितीकरण योजना के कियान्वयन में पूरे प्रदेश में दुर्ग निगम अव्वल रहा हैं। पहली बार नगर निगम दुर्ग में कार्यरत हमारे समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एवं दुर्ग शहर के पत्रकार बंधुओं को स्वास्थ्य लाभ हेतु दुर्ग शहर के 10 हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, क्लीनिक एवं डायग्योस्टिक सेंटर को चिन्हांकित कर 50 प्रतिशत छूट के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, साथ ही पूर्व सैनिकों, महिला स्व सहायता समूहों एवं पत्रकार बंधुओ को नगर निगम के भवनों में पारिवारिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों हेतु 50 प्रतिशत छूट का ऐतिहासिक निर्णय परिषद द्वारा लिया गया है। शहर के मूलभूत अधोसंरचना के विकास में भी परिषद के चार वर्ष उपलब्धियों से भरे हुए है। 16.00 करोड़ की लागत से ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट निर्माण, शंकर नाला सुदृढिकरण, गौरवपथ का उन्नयन एवं चौड़ीकरण, शिवनाथ नदी रोड चौड़ीकरण, चौक चौराहो का सौंदर्गीकरण, शहर के 06 प्रमुख तालाबों के सौंदर्याकरण की पहल, स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने अमृत मिशन के कामों को तेजी से पूर्ण कराना एवं पुरानी पाईप लाईन में स्थित कनेक्शनों को नवीन पाईप लाईन में शिफ्ट किया जाना आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत 76 करोड़ रूपए से अधिक की तृतीय किस्त जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 76 करोड़ 2 लाख 90 हजार रूपए की तृतीय किस्त सिंगल नोडल एजेंसी के खाते में आबंटित कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिलों को जारी तृतीय किस्त में से मटेरियल कास्ट के लिए 33 करोड़ 77 लाख 31 हजार रूपए, रसोईया मानदेय 40 करोड़ 75 लाख 84 हजार रूपए और एम.एम.ई. (प्रबंधन) के लिए एक करोड़ 49 लाख 75 हजार रूपए की राशि आबंटित की गई है।**

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में कहा है कि आबंटित राशि का व्यय पी.एफ.एम.एस पोर्टल से किया जाना है। जिस मद (कम्पोनेंट) में जो राशि आबंटित है, उससे अधिक का खर्च नहीं किया जाए। इस राशि को तत्काल अनिवार्य रूप से व्यय किया जाना सुनिश्चित करें। राशि व्यय होने के पश्चात ही आगामी किस्त की राशि प्रदान की जाएगी।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत मटेरियल कास्ट (कुकिंग कास्ट) एवं रसोईया मानदेय में से जिला बालोद को कुकिंग कास्ट के लिए एक करोड़ 4 लाख 14 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए एक करोड़ 21 लाख 85 हजार रूपए, जिला बलौदाबाजार को कुकिंग कास्ट के लिए एक करोड़ 73 लाख 42 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए एक करोड़ 63 लाख 49 हजार रूपए, जिला बलरामपुर को कुकिंग कास्ट के लिए एक करोड़ 32 लाख 91 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए एक करोड़ 69 लाख 80 हजार रूपए, जिला बस्तर को कुकिंग कास्ट के लिए एक करोड़ 18 लाख रूपए और रसोईया मानदेय के लिए एक करोड़ 86 लाख 9 हजार रूपए, जिला बेमेतरा को कुकिंग कास्ट के लिए एक करोड़ 25 लाख 31 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए एक करोड़ 19 लाख 50 हजार रूपए, जिला बीजापुर को कुकिंग कास्ट के लिए 58 लाख 51 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए 70 लाख 4 हजार रूपए, जिला बिलासपुर को कुकिंग कास्ट के लिए 2 करोड़ 3 लाख 33 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए 2 करोड़ 3 लाख 82 हजार रूपए, जिला दंतेवाड़ा को कुकिंग कास्ट के लिए 44 लाख 98 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए 61 लाख 30 हजार रूपए, जिला कोरबा को कुकिंग कास्ट के लिए एक करोड़ 33 लाख 35 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए एक करोड़ 89 लाख 86 हजार रूपए, जिला कोरिया को कुकिंग कास्ट के लिए 28 लाख 64 हजार रूपए और रसोईया मानदेय के लिए 39 लाख 85 हजार रूपए आबंटित किया गया है।


मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### शराब की बोतल लेने के दौरान दो युवकों में विवाद, ईंट से हमला कर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** शराब दुकान से बोतल लेने के विवाद में युवक के सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी गई। गंज थाना पुलिस ने आरोपी अविनाश बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को गंजपारा स्थित देसी शराब दुकान में कलिंग नगर गुढ़ियारी निवासी सुशील भोजवानी और अविनाश बघेल शराब खरीद रहे थे।

इसी दौरान शराब की बोतल लेने की बात को लेकर दोनों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। अविनाश ने पास पड़ी ईंट को उठाकर सुशील के सिर और छाती पर वार किया और फरार हो गया। आसपास के लोगों से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुशील को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चार दिन बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद अविनाश बघेल के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया।

#### *अवैध रूप से शराब बेचते महिला-पुरुष गिरफ्तार*

इधर एक अन्य मामले में धरसींवा थाना क्षेत्र की सिलतरा चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला मालती राजपूत के पास से 35 पौवा और राजकुमार टंडन के पास से 63 पौवा शराब जब्त की गई है। दोनों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि ग्राम सांकरा में जैन मंदिर पास स्थित एक मकान में एक महिला अवैध रूप से शराब बेच रही है। इस पर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारकर महिला को पकड़ा। इसी तरह ग्राम नेउरडीह में आडिल पारा के पास राजकुमार टंडन को शराब बेचते गिरफ्तार किया गया। दोनों को जेल भेज दिया गया।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बाइक, एक की मौत, दूसरा गंभीर




**जशपुरनगर (ए)।** पत्थलगांव- अम्बिकापुर मुख्य नेशनल हाइवे 43 में कदमघाट के पास खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना सुबह करीब शुक्रवार की दोपहर ढाई बजे की बताई जा रही है।


पत्थलगांव थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे ने बताया रविशंकर तिर्की पिता रामधनी तिर्की(31) ग्राम डंगोरा सरगुजा का रहने वाला था। वह बाइक पर अपने साथी संदीप तिर्की के साथ पत्थलगांव आ रहा था। इस दौरान अंबिकापुर नेशनल में कदमघाट के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे धान लोड करा रहे ट्रक में घुस गई। एक युवक के पैर में गंभीर चोट आई। ग्रामीण घटना को देख मदद के लिए तत्काल दौड़े। दोनों घायल युवकों को संजीवनी 108 की मदद से पत्थलगांव के सिविलि अस्पताल ले जाया गया। रास्ते में रविशंकर तिर्की ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल संदीप तिर्की(27) का प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शाम हो जाने के कारण पीएम नहीं हो पाया है। शनिवार को पीएम कराया जाएगा। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ने की कोशिश की। लेकिन चालक भाग निकला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

# आमने-सामने से भिड़ गए दो बाइक, 5 साल की मासूम सहित तीन की मौत

**नेशनल हाइवे नंबर 49 रायगढ़-ओड़िशा मार्ग पर एक्सीडेंट, जूटमिल थाना क्षेत्र का मामला**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शुक्रवार की शाम को बड़ा हादसा हो गया। यहां नेशनल हाइवे नंबर 49 पर तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिल आमने-सामने से टकरा गए। हादसा इतना भयानक था कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। दूर तक मोटरसाइकिल के कलपुर्जे बिखरे नजर आए। हादसे में 5 साल की मासूम सहित कुल तीन लोगों की मौत हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पीएम के लिए भेजा। वहीं हादसे में घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मामला रायगढ़ जिले के जूटमिल थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे नंबर 49 ओडिशा मार्ग पर ग्राम मिडमिडा के पास शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाइवे रायगढ़-ओडिसा मार्ग में टोल प्लाजा से एक किलोमीटर पहले ग्राम मिडमिडा के पास दो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में घटनास्थल पर ही एक मासूम के अलावा दो अन्य लोगों की मौत हो गई। तीन लोगो को गंभीर चोट आई है।

अचानक घटी इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर तक इस मार्ग में वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप्प हो गया था और भीड़ के कारण चक्काजाम की स्थिति निर्मित होने लगी। राहगीरों ने बताया कि भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि आवाज दूर तक सुनाई दी। वहीं घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई। कुछ ही देर में सड़क पर खून फैल गया। राहगीरों ने इसकी सूचना नजदीकी थाने में दी।

#### हादसे के कारण लगा जाम, पुलिस ने कराया खाली

जूटमिल थाना पुलिस टीम को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली वे तत्काल मौके पर पहुंचे। हादसे के कारण सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया था। इसी बीच सीएसपी अभिनव उपाध्याय व तीनों थानों के थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल पर लोगों की भीड को खाली कराते हुए मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। साथ ही घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें इलाज के लिए अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हादसे में सुखदेव फोबिया (27) निवासी गढ़उमारिया, पांच वर्ष की बच्ची कुहू सिदार निवासी गढउमारिया और एक अन्य ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सुखदेव फोबिया की पत्नी रीमा फोबिया (26), खेमराज साव (14) और रॉकी उर्फ हरिकृष्ण पटेल निवासी कोतरलिया गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक कुहू सिदार एक अन्य मृतक सुखदेव फोबिया के साढू की बेटी थी, जो मेला देखने उन्हीं के साथ उनके ही बाइक पर वहां पहुंची थी।

## बीएसएफ का निजी वाहन पलटने से 17 जवान घायल पांच की हालत गंभीर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर व नारायणपुर जिले के सीमावर्ती गांव कुम्हारी में बीएसएफ का निजी वाहन पलटने से 17 जवान घायल हो गये हैं। घायल जवानों में पांच जवान गम्भीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। हादसे में 17 जवान घायल हुये हैं जिनको नारायणपुर के जिला अस्पताल में उचित इलाज के लिए ले जाया गया। यहां से पांच गंभीर जवानों को रायपुर रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला जिला नारायणपुर और जिला कांकेर के सीमावर्ती थाना रावघाट और ताडोकी के बीच का है जहां पर 162 बटालियन बीएसएफ के जवान वाहन में जा रहे थे तभी ये हादसा हुआ है। हादसे में 17 जवान घायल हो गए हैं। प्राथमिक इलाज के लिए नारायण पुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जवानों की हालत अभी सही बताई जा रही है, प्राथमिक उपचार जारी है। नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि घटना में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हुये हैं उनको बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। सरगीपाल फुलपाड कैम्प में जवान नक्सल मोर्चे पर पदस्थ थे। छुट्टी में सभी जवान बीएसएफ के निजी वाहन से अन्तागढ़ आ रहे थे उसी दौरान स्टेरिंग फेल होने के कारण दुर्घटना घटी।

## नाबालिग लड़की से 60 वर्षीय शख्स ने किया दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**धमतरी।** जिले के कुरूद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की को डरा-धमका कर दुष्कर्म करने वाले 60 साल के व्यक्ति को अपर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित भी किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, कुरूद क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ संजय नगर में रहने वाले सुदर्शन नगारची ने दुष्कर्म किया था। उसने 1 अक्टूबर 2022 से लेकर 27 जनवरी 2023 के बीच युवती को जान से मारने की धमकी देते हुए कई बार दुष्कर्म किया। वह पीड़िता को डराता रहा और जान से मारने की धमकी देता रहा। जिसके कारण युवती ने अपने परिजनों को इस घटिया कृत के बारे में नही बताया।

नाबालिग के गर्भवती होने के चलते परिजनों को इस घटना का पता चला और जिसपर युवती ने सब बात अपनी मां को बताई। जिसके बाद पीड़िता ने कुरूद थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दुष्कर्म के धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और आरोपी सुदर्शन नगारची को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, अंतिम सुनवाई अपर सत्र न्यायालय (एसटीएसी/पॉक्सो) में चली औरन्यायाधीश पंकज कुमार जैन ने सबूतों के आधार पर और गवाहों को सुनने के बाद आरोपी दोषसिद्ध करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।


## सूदखोर व उसके स्वजनों ने महिला की लाठी से की पिटाई

**कोरबा (ए)।** सूदखोर और उसके स्वजनों ने घर में घुसकर एक महिला की पिटाई की है। इससे महिला को काफी गंभीर चोटें लगी। दरअसल महिला ने उधार में पैसे लिया था, जिसे वह ब्याज के साथ चुका रही थी। इसी बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और सूदखोर ने उसकी पिटाई कर दी।



घटना बालको थाना क्षेत्र की है। यहां निवासरत पीड़ित महिला अंजना सिंह ने बताया श्रीकांत मांझी से उसने 25 हजार 20 प्रतिशत ब्याज पर लिया था। इसका वह हर माह ब्याज देती आ रही है। ब्याज समेत वो पूरा पैसा दे चुकी है। बावजूद श्रीकांत और पैसा मांग रहा है। नहीं देने पर परिवार के साथ लाठी-डंडी लेकर आया मारपीट करने लगे। घटना के वक्त घर पर अकेली थी। चीख-पुकार सुनकर बेटा आया और बचाने का प्रयास करता रहा, बावजूद पीटते रहे। इस हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोटें आई है। खून से लथपथ में छोड़कर सभी आरोपी भाग गए। महिला के स्वजनों ने जिला मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया है, जहां इलाज चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि बाल्को थाने में मामले की शिकायत की गई, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। बल्कि मारपीट के सबूत लाने को कहा गया। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद खुजुर का कहना है कि मेडिकल कालेज से मिले मेमो के आधार पर पीड़िता का बयान दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

## तीन बच्चों के पिता की फांसी के फंदे में लटकते मिली लाश



**कोरबा (ए)।** रोजी-मजदूरी करने वाले एक ग्रामीण की लाश घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर लटकते मिली। स्वजनों को जब जानकारी मिली, तब उनमें चीख पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि ग्राम गोढ़ी निवासी त्रिलोक गेंदले 36 वर्ष की कमरे के अंदर म्यार पर लटकती हुई लाश मिली।

मृतक के बड़े भाई विष्णु कुमार गेंदले ने बताया कि तीन भाइयों में दूसरे नंबर का त्रिलोक था। सुबह 11 बजे उसकी बेटी खाना बना रही थी। इस दौरान बेडरूम का कमरा बंद था, अचानक बेटी की नजर कमरे में गई, तो फांसी के फंदे पर पिता को लटके हुए देखा। इसके बाद बेटी शोर मचाने लगी, तब अन्य स्वजन पहुंचे। मामले की जानकारी मिलते ही सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है, सभी स्वजनों से बयान लिए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही घटना की वास्तविक जानकारी सामने आएगी और आगे कार्रवाई की जाएगी। मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया।

## 6 किलो गांजा के साथ लंगड़ा गिरफ्तार

**रायपुर।** एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट ने गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे संजय धीवर उर्फ लंगड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6 किलो गांजा बरामद कर जब्त किया गया साथ ही गुढ़ियारी थाना में नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। 5 जनवरी को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढियारी क्षेत्रांतर्गत अशोक नगर रोड किनारे एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखे है और बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट व थाना गुढियारी पुलिस की संयुक्त टीम ने उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजय धीवर निवासी गोगांव गुढ़ियारी रायपुर बताया। उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा बरामद हुआ। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 किलो ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 30000 रुपये जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्रमांक 09/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

# सगे भाइयों ने मिलकर लूटे थे लाखों के जेवर और मोबाइल, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**रायपुर (ए)।** पिछले महीने राजधानी रायपुर के डीडीनगर इलाके में पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर अस्पताल जा रही महिला का जेवरों से भरा हैंड बैग और मोबाइल लूटने वाले सगे भाई निकले। पुलिस ने तफ्तीश के बाद एक आरोपित मनीष रोचलानी को गिरफ्तार कर लूटे गए पांच लाख के जेवर और मोबाइल के साथ घटना में इस्तेमाल दोपहिया वाहन बरामद कर लिया है। दूसरे फरार आरोपी उत्तम रोचलानी की तलाश की जा रही है। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि आर्थिक तंगी दूर करने के लिए भाई के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था।



एडिशनल एसपी क्राइम पीतांबर पटेल ने बताया कि सालासार ग्रीन सरोना निवासी जोगिंदर सिंह खटकर आठ दिसंबर की शाम को अपनी पत्नी को एक्टिवा में पीछे बैठाकर घर से गोल चौक स्थित अस्पताल जा रहे थे। पत्नी ने हाथ में हैंड बैग था, जिसमें सोने के जेवर, मोबाइल आदि रखा था।

#### सीसीटीवी खंगालने पर सामने आया लुटेरों का फुटेज

डिडवानिया रिजेंसी के पास हाईवे पर पहुंचते ही पीछे से दोपहिया सवार दो युवक आए और बिना मौका गंवाए जोगिंदर की पत्नी के हाथ में छपट्टा मारकर हैंड बैग छीनकर भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सैकड़ों सीसीटीवी खंगालने पर लुटेरों का फुटेज सामने आया। फुटेज के आधार पर कुकरेजा फॉर्म हाउस के सामने महावीर नगर, न्यू राजेंद्रनगर निवासी मनीष रोचलानी (24) को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने सगे भाई उत्तम रोचलानी के साथ मिलकर लूट करना कबूला। मनीष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया जेवर, मोबाइल और दोपहिया वाहन बरामद कर लिया गया। फरार उत्तम रोचलानी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### भारतीय सेना में अग्निवीर की होगी भर्ती

**दुर्ग।** भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती की अधिसूचना फरवरी 2024 के मध्य जारी होने की आशा है। भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश सेवा का सपना देख रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे अपना यूजर आईडी प्रोफाईल और पासवर्ड भारतीय सेना की साईटपर बनाकर तैयार रखें ताकि ऑनलाईन पंजीकरण के समय अपना पंजीकरण करने में ज्यादा समय ना लगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार किसी भी स्पटीकरण एवं सहायता के मामले में उम्मीदवार शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय किकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2965212 एवं 0771-2965213 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 तक आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** जिले में संचालित मान्यता प्राप्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि वे पोस्टमैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट पर शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 जनवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से मिली जानकारी अनुसार समस्त प्राचार्य अपने संस्था में अध्ययनरत पात्रता रखने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन को समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर सहायक आयुक्त आदिवासी कार्यालय दुर्ग में 25 जनवरी 2024 तक जमा करना होगा।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-ग्रामीण, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन 14 फरवरी से 20 फरवरी 2024 के मध्य होना संभावित है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय स्तर पर सामूहिक विवाह पूरे विधिविधान से सम्पन्न किया जायेगा। परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत प्रति जोड़े हेतु कुल 50 हजार रूपये व्यय किये जाने का प्रावधान है, जिसमें 21 हजार रूपये वधु को चेक अथवा खाते में, 21 हजार रूपये विवाह भेंट सामग्री एवं शेष राशि विवाह आयोजन में व्यय किया जाना है। योजनांतर्गत आवेदन करने की पात्रता हेतु वर 21 वर्ष व वधु 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए, वर, वधु के निवास हेतु छत्तीसगढ़ मूल निवासी प्रमाण-पत्र अथवा पार्षद द्वारा सत्यापित निवास प्रमाण-पत्र मान्य होगा, एक पालक की दो बालिकाएँ ही योजना हेतु पात्र होगी, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत कार्डधारी परिवार की बालिकाएँ पात्र होगी। योजना हेतु पात्र इच्छुक आवेदक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा कार्यालय परियोजना अधिकारी, पांच बिल्डिंग परिसर कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा, भिलाई में निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। अयोध्या में भगवान श्री राम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां की जा रही हैं। देशभर में उत्सव का माहौल है। इस बीच दुर्ग जिले में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर होने वाले विविध कार्यक्रमों के लिए जिला व मंडल स्तर की समितिया गठित की गई हैं।**



भिलाई जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष को बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने दया सिंह को जिला संयोजक बनाया है। साथ की सभी मंडलों में संयोजक व सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इन सभी को दुर्ग जिले में होने वाले सभी कार्यक्रमों को भव्य बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दुर्ग जिले में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए जिला संयोजक बनाए जाने के बाद दया सिंह ने कहा है कि कई दशकों के इंतजार के बाद यह यह पावन अवसर आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में श्रीराम मंदर का सपना सकार हो रहा है। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। देशभर में रामलला के आगमन की खुशी है। दुर्ग जिले में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाला समारोह भी भव्य होगा। इस ऐतिहासिक दिन को दुर्ग जिले के सभी भाजपा मंडलों द्वारा और भी भव्य बनाया जाएगा।

भिलाई भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने बताया कि देशभर में रामलला के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए भिलाई में भी विविध कार्यक्रम होंगे। दया सिंह के नेतृत्व में भिलाई शहर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी और भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभु राम का स्वागत भव्य तरीके से किया जाएगा। बृजेश बिचपुरिया ने बताया कि इसके लिए सभी मंडलों में संयोजक व सदस्यों की नियुक्ति की गई है जो पूरी व्यवस्था संभालेंगे।

## छात्रों एवं शिक्षकों को उप पुलिस अधीक्षक ने दिया यातायात नियमों का प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा नववर्ष में यातायात जागरूकता/प्रशिक्षण की शुरूवात डीपीएस स्कूल मरोदा से की गई। यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज दिनांक को सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के द्वारा डीपीएस स्कूल में उपस्थित 1000 बच्चो एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमो की विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूवात में स्कूल प्रबंधन के बस चालको द्वारा यातायात नियम संबंधित गीत प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात उप पुलिस अधीक्षक, यातायात के द्वारा यातायात किस प्रकार काम करती है इसके प्रमुख घटक 04-ई के बारे में बताया गया पहला-ई रोड इंनजीनियरिंग, दूसरा-ई एजुकेशन इसके अंतर्गत पैदल चलने के नियम, टैफ्कि सिग्नल, रोड मार्किग, रोड साईन बोर्ड एवं वाहन चलाने के नियम, वाहन चलाते समय किन किन बातो का ध्यान रखना चाहिए से अवगत कराया गया, तीसरा-ई इन्फोसमेन्ट इसके अंतर्गत पुलिस द्वारा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालको के उपर कार्यवाही करना चौथा-ई इंमरजेन्सी केयर इसके अंतर्गत सडक दुर्घटना में




घायल व्यक्ति को उपचार किया जाना आता है। तत्पश्चात कार्यक्रम में आगे बच्चो को सडक दुर्घटना से संबंधित वीडियो क्लीप दिखाया गया जिसमें सडक दुर्घटना के कारणों से अवगत कराते हुए इन बातो को अपने परिजन, रिस्तेदार से साझा कर यातायात नियमो का पालन करने हेतु प्रेरित किया जाये, छात्र जीवन एक अनुशासन मे रहकर जीवन व्यतीत करता है उसी प्रकार सड़क मे भी एक अनुशासित वाहन चालक सड़क दुर्घटनाओं से बच सकता है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा कहा गया की हमारा लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटनाओं मे होने वाली मौत को रोकना है जिसके लिए एक वाहन चालक को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होना अति-आवश्यक है वैसे ही नाबालिक को बिना लायसेंस वाहन चालन नही करना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर मनाएगा श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का उत्सव, हर व्यापारी रघुनंदन -हर दुकान दीप वंदन अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूरे देश को इंतजार है। 22 जनवरी को वह ऐतिहासिक दिन है जब भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया। चेम्बर द्वारा हर व्यापारी रघुनंदन -हर दुकान दीप वंदन नाम से अभियान शुरू किया। इसकी शुरुआत राजनांदगांव जिले से की गई।**



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में इस अभियान के तहत संभाग के सभी बाजारों में सभी दुकानों में जा जाकर राम के नाम 21 दीप जलाने का निवेदन करेंगे। अजय भसीन ने बताया कि चेम्बर के इस अभियान में की सभी बाजारों में हमारी टीम जाएगी। सभी व्यापरियो को निवेदन किया जाएगा कि राम लला के मंदिर स्थापना दिवस पर दीपावली जैसा उत्सव मनाएं। 22 जनवरी को सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान में 21-21 दिये जलाएं।

अजय भसीन ने बताया कि भिलाई,दुर्ग, राजनांदगांव, गुंडरदेही, बालोद इन क्षेत्रों में यह अभियान चलाया जाएगा इस अभियान की शुरुआत राजनांदगांव से की गई है। अजय भसीन ने बताया कि राजनांदगांव के सभी दुकान जाकर निवेदन किया गया कि सभी अपने दुकान में झंडा लगाए व 21 दीप जलाएं। सभी व्यापारियों में 22 जनवरी को लेकर बेहद उत्साह व उमंग है। सभी व्यापारियों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए अभियान में अपना योगदान देने का वचन दिया।

इस अभियान में अजय भसीन के साथ राजा माखीजा, मनोहर कृष्णानी, हरीश शर्मा, शिवराज शर्मा, शंकर सचदेव व अनेक व्यापारी समलित हुए।

## शहर के 6 सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छता श्रृंगार योजना में शामिल एमआईसी की मुहर 10 करोड़ से लगेगी कचरा निष्पादन प्लांट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में नगर निगम के डाटा सेंटर में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की मौजूदगी में एमआईसी सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ शहर के विकास कार्यों व साफसफाई व्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक शुक्रवार को आहुति की गई. इस बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी सदस्यों के साथ- साथ अधिकारियों से चर्चा की।

बैठक में अधिकारियों के साथ विद्युत विभाग, जलकार्य अमृत मिशन कार्य, स्वास्थ्य विभाग व लोक कर्म विभाग और अन्य विषयों का एजेंडों पर संकल्प पारित किया गया।बैठक में महापौर एवं सदस्यों ने चर्चा में कहा कि शहर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत मेसर्स लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग प्रा.लि.कोल्हापुर द्वारा जल आवर्धन का कार्य किया गया है।जिसके उपरांत पांच साल का संचालन एवं




संधारण का कार्य भी मेसर्स लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिग सर्विसेस द्वारा किया जाना है।जिसमे नये एवं पुराने WTP एवं उच्चस्तरीय जलागार का संचालन एवं संधारण कार्य शामिल है।उपरोक्त अनुसार मेसर्स लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग सर्विसेस कोल्हापुर का संचालन का कार्य किया जाना उचित है।अनुबंध अनुसार कार्य नही करने के कारण निरस्त किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।निकाय क्षेत्रान्तर्गत कुछ विद्युत पोल में एल.ई.डी. लाईट खराब है एवं बहुत से नवीन विद्युत पोल में एल.ई.डी. लाईट नहीं लगी है। जिसके कारण निकाय के मार्गों में प्रकाश की कमी होने के कारण स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार शिकायत कर लाईट लगाने की मांग की जा रही है। जिस पर वार्ड क्रमांक 01 से 60 तक एल.ई.डी स्ट्रीट लाईट क्रय करने पर राशि रू. 299.15 (अक्षरी दो सौ निन्यान्वे लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र का व्यय आवेगा।उपरोक्त वार्ड क्रमांक 01 से 60 तक एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने के कार्य पर व्यय राशि रु. 299.15 (अक्षरी दो सौ निन्यान्वे लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र व्यय का स्वीकृति कर शासन को प्रस्ताव भेजे जाना है।इसी प्रकार वार्ड 56 बघेरा सरकारी स्कूल के पास ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य स्थल विवाद के कारण किया जाना संभव नहीं है।जगह परिवर्तन करते हुए ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड कं 29 पॉलिटेक्निक कालेज के पास कार्य एवं वार्ड 35 नयापारा चौक से नरेन्द्र गुप्ता के घर तक ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य स्थल विवाद के कारण किया जाना संभव नहीं है। ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य का स्थल परिवर्तन कर गंजपारा स्थित सी-मार्ट के सामने शीतला मंदिर के पास कार्य के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सड़क सफाई व नाली सफाई कार्य मे प्लेसमेंट कर्मचारियो को नियमित रूप से वेतन भुगतान एजेंसी के माधयम से किया जा रहा है। जिसका कार्य अवधि 29 फरवरी 23 को समाप्त हो रही है। मार्च 2024 आगामी वर्ष हेतु प्लेसमेंट कर्मी को वेतन भुगतान करने व सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूर्व की भांति कलेक्टर दर पर 75 कुशल व उच्चकुशल मानव संसाधन प्रदाय कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति दी गई।

## संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने किया पदभार ग्रहण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग** संभाग के नव पदस्थ आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2008 बैच के अधिकारी राठौर दुर्ग संभाग के 11 वे आयुक्त होंगे। निवर्तमान संभागायुक्त जनक प्रसाद पाठक (आई.ए.एस) ने राठौर को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् संभागायुक्त राठौर ने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में निर्वतमान संभागायुक्त पाठक को विदाई दी गई।

वहीं नव पदस्थ संभागायुक्त राठौर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त (विकास) अजय मिश्रा तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### आर्थराइटिस का उपचार संभव

## जेएलएन हॉस्पिटल में उपचार की विशेष सुविधाएँ उपलब्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। चिकित्सा विज्ञान में नित नई खोजें हो रही है। जिन व्याधियों को कुछ समय पहले असाध्य या प्राणघातक माना जाता था, वे आज सामान्य सर्दी-जुकाम की तरह सहज उपचार योग्य हो गई हैं। इन्हीं में से एक है आर्थराइटिस...... इसी विषय पर 12 अक्टूबर 2023 को भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में, विश्व ऑर्थराइटिस दिवस मनाया गया था।**

जिसका उद्देश्य, लोगों में ऑर्थराइटिस के प्रति जागरूकता लाना व इससे जुड़े मिथकों को दूर करना था। सेक्टर-9 स्थित, पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में, ऑर्थराइटिस के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक, परामर्श, मार्गदर्शन सहित विशेष सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

यहाँ चिकित्सकों ने बताया कि आर्थराइटिस को आप आसानी से सही दवा, व्यायाम, उचित जीवनशैली, स्वास्थ्यवर्धक पोषक आहार, शारीरिक वजन पर नियंत्रण, सही समय पर उपचार, चिकित्सकीय मार्गदर्शन और उचित प्रबंधन से ना केवल काफी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं, बल्कि पूरी तरह ठीक भी कर सकते हैं। कुछ विशेष प्रकरणों में यदि आवश्यक हो तो शल्य चिकित्सा के द्वारा, इस पर पूरी तरह से नियंत्रण रखा जा सकता है। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय में इसके शुरुआती और बेहद महत्वपूर्ण संकेत के बारे में बताया गया, ताकि अगर आपको या आपके आसपास किसी को ये बीमारी हो, तो उसे पहले ही नियंत्रित किया जा सके।

**आइए जानें आर्थराइटिस के बारे में:** अर्थराइटिस होने पर मरीजो को घुटनों, एड़ियों, पीठ, कलाई या गर्दन के जोड़ों में दर्द या सूजन और अकड़न की शिकायत रहती है। अर्थराइटिस हड्डियों में होने वाली एक समस्या है, जिसका खतरा उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता ही चला जाता है। आंकड़ों की मानें, तो भारत में 15 प्रतिशत से अधिक आर्थराईटिस के रोगी पाए जाते है। रिसर्च में ये पाया गया, कि पुरूषों की तुलना में महिलाओं में इस रोग के लक्षण ज्यादा देखने का मिलते हैं। मोटापा, यूरिक एसिड का बढ़ना भी इसका एक कारण है। इस बीमारी से बचने के लिए जरूरी है कि इसके शुरुआती लक्षणों का पता लगाकर पहले ही इसका इलाज शुरू कर दिया जाए।

**आर्थराइटिस के प्रकार:** वैसे तो आर्थराइटिस के कई प्रकार हैं जैसे ऑस्टियो, रूमेटाइड, स्पॉण्डिलो, वायरल, गाउट, सेप्टिक, एंकीलोजिंग स्पॉण्डिलाइटिस, सोरियाटिक आर्थराइटिस आदि। अलग-अलग प्रकार की आर्थराइटिस का इलाज भी अलग-अलग प्रकार से किया जाता है। जो, प्रभावित व्यक्ति की उम्र, समस्या की तीव्रता, आर्थराइटिस का प्रकार, लक्षण एवं अन्य चिकित्सकीय घटकों पर निर्भर करता है। आमतौर पर मरीजों को दो तरह के अर्थराइटिस का सामना करना पड़ता है- ऑस्टियो आर्थराइटिस और रूमेटाइड अर्थराइटिस।

**ऑस्टियो आर्थराइटिस:** ये आर्थराइटिस का सबसे आम प्रकार है, इससे जोड़ों में दर्द और सूजन के साथ-साथ उनके हिलनेदृडुलने की गति में भी कमी आ जाती है। ऑस्टियो आर्थराइटिस, जोड़ों के कार्टिलेज को क्षतिग्रस्त कर देता है। जिसके प्रमुख कारण उम्र, जोड़ों में जख्म, मोटापा, आरामदायक जीवन शैली, बीमारी का आनुवंशिक होना है। इससे बचने के लिए बॉडी मास इंडेक्स को संतुलित बनाये रखें, नियमित व्यायाम, योग अभ्यास करें, कम से कम दो लीटर पानी रोजाना पियें, शरीर में कैल्शियम की मात्रा पर ध्यान दें, दूध, पनीर और दही का सेवन करें तथा आवश्यकता पड़ने पर डाइटीशियन से परामर्श लें।

**रुमेटॉइड आर्थराइटिस:** रूमेटाइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है। जिसमें इम्यून सिस्टम शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है, जो जोड़ों में दर्द, सूजन और जकड़न का कारण बनती है, इसके आसपास गर्म होने के साथ सूजन भी हो जाता है। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में रुमेटाइड अर्थराइटिस का खतरा अधिक देखा गया है। एक रिपोटर्स के अनुसार, लगभग 75: मरीजों में, 30-50 वर्ष की आयु की महिलाएं पाई गई हैं।

## जिला प्रशासन और इंडसटॉवर कम्पनी लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के चार विद्यार्थियों को मिला रोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग जिले में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर नवाचार हो रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में आज जिला प्रशासन और इंडसटॉवर कम्पनी के मध्य एमओयू हुआ। सांसद विजय बघेल ने नवनियुक्त कलेक्टर सु ऋचा प्रकाश चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।**

ज्ञातव्य है कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में युवाओं को रोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के चार डिप्लोमाधारी प्रशिक्षणार्थियों का चयन आज इंडसटॉवर कम्पनी में हुआ। यह टेलीकॉम टावर इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर है जो विभिन्न मोबाइल ऑपरेटरों के लिए टेलीकॉम टावर और कम्युनिकेशन स्ट्रक्चर को मैनेज करता है। विद्यार्थियों को संबंधित संस्था के प्रशिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा और वर्कशॉप होगा। साथ ही प्रोजेक्ट-मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे।

सांसद विजय बघेल ने इंडसटॉवर कम्पनी में चयनित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के जनक लाल साहू, सदानंद, पंकज साहू, शरद कुमार विद्यार्थियों को तकनीकशियन पद पर चयनित होने पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। चारो विद्यार्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। एमओयू में कलेक्टर सु ऋचा प्रकाश चौधरी और कम्पनी के सीईओ आशीष मित्रा ने हस्ताक्षर किया। सांसद विजय बघेल ने बच्चों और इंडसटॉवर की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिले में पहले भी शुभ कार्य होते रहे हैं और आगे भी होता रहेगा। युवा वर्ग के लिए हमारी जो अपेक्षाएं है वह अब पूरा होते हुए दिख रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में होनहार बच्चे हैं और सभी को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। जिले में आगे भी अच्छी कम्पनियां आते रहेगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग, इंडसटॉवर कम्पनी सीईओ व पूरी टीम सहित आईटीआई प्राचार्य अनिल टेमरेकर, एए मंसुरी प्रमोद सिंह और सौरभ चौबे एवं उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950